दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



बढ रही किडनी प्रॉब्लम्स....... कैसे रहें हेल्दी..

वर्ष : 10 | अंक : 360 | लखनऊ, 13 दिसम्बर, शुक्रवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर सख्त हुए सीएम योगी

## नदियों के किनारे की मिट्टी-बालू व सिल्ट से बनाई जाए ईंट

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा बैठक में नदियों के किनारे की मिट्टी-बालू व सिल्ट का प्रयोग ईंट बनाने में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। अभी ईंट बनाने के लिए भट्ठा मालिक उपजाऊ जमीन की मिट्टी का प्रयोग करते हैं। इससे खेतों में गड्ढे हो जाते हैं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि नदी के कैचमेंट क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तकनीक का उपयोग करते हुए इसे सख्ती से रोका जाए। स्वीकृत खनन क्षेत्र के अंदर खनन कर रहे वाहनों में व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम (वीटीएस) लगाया जाए, जिससे सुनिश्चित किया जा सके कि खनन स्वीकृत क्षेत्र में हो रहा है या नहीं।

### अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पांच कालिदास मार्ग में आयोजित बैठक में बुधवार को कहा कि खनन के मामले में विभिन्न स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों से प्रदेश में उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों की वैधता की जांच के लिए उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान व मध्य प्रदेश से एपीआइ इंटीग्रेशन किए गए हैं। जिलों में गठित टास्क फोर्स को नियमित छापेमारी करे। इसकी वीडियोग्राफी भी कराई जाए। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2407.20 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्ति हुई है। इसमें और वृद्धि की जाए। जिलाधिकारी व जिला खनन अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। सोनभद्र, बांदा, कौशांबी तथा महोबा में राजस्व वृद्धि की असीम



संभावनाएं हैं। कम राजस्व प्राप्त करने वाले जिलों को राजस्व बढ़ाने के अन्य उपायों पर विचार करने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय स्तर पर लंबित मामलों का शीघ्र हल किया जाए। जून से अगस्त के बीच वर्ष भर की कार्ययोजना तैयार की जाए। समय से कार्ययोजना तैयार करने से सरलतापूर्वक कार्य संपन्न होंगे। मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए तेजी से प्रयास करने के निर्देश दिए। सड़कों के किनारे ओवरलोड वाहन कतई न खड़े किए जाएं। कर चोरी व ओवरलोडिंग रोकने के लिए जिलों में 55 चेक गेट बने हैं, इन पर शीघ्र वे इन मोशन संयंत्र लगाए जाएं। ओवरलोडिंग हर हाल में जीरो प्वाइंट पर ही रोकी जाए। केंद्र सरकार के खनन मंत्रालय ने राज्य खनन सूचकांक बनाने के निर्देश दिए हैं। इसमें विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर सूचनाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## उत्तर प्रदेश में बढ़ रही है पर्यटकों की संख्या, नौ माह में आए 47.61 करोड़ पर्यटक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद उत्तर प्रदेश में पर्यटकों की रुचि और बढ़ी है। जनवरी से सितंबर 2024 के बीच प्रदेश में 47.61 पर्यटकों ने विभिन्न पर्यटन स्थलों का दौरा किया। इनमें 47.47 करोड़ घरेलू और 14.11 लाख विदेशी पर्यटकों की संख्या शामिल है। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक 1,84,036 विदेशी पर्यटकों ने वाराणसी का भ्रमण किया है, जबकि सर्वाधिक 13,55,87,370 घरेलू पर्यटकों ने अयोध्या का भ्रमण किया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग की तरफ से हर पर्यटन स्थल पर आने वाले पर्यटकों के आंकड़े एकत्र किए जा रहे हैं। जनवरी से जून के बीच करीब 33 करोड़ पर्यटकों ने उत्तर प्रदेश का भ्रमण किया था। इसी प्रकार पिछले वर्ष 48 करोड़ पर्यटकों ने प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का दौरा किया था। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 13,55,90,523 पर्यटक आए, जिसमें 13,55,87,370 घरेलू और 3,153 विदेशी शामिल हैं। भगवान कृष्ण की स्थली मथुरा में कुल 6,81,55,926 श्रद्धालु पहुंचे, जिसमें 6,80,68,697 घरेलू और 87,229 विदेशी शामिल है।

# संगम नगरी में गंगा पूजन करेंगे पीएम मोदी

## विश्व को देंगे महाकुंभ का निमंत्रण

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, 2025 में होने जा रहे महाकुंभ को भव्य बनाने की कवायद पूरी तेजी के साथ जारी है। महाकुंभ के लिए पर्यटन और यात्री सुविधाओं के साथ साथ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। पीएम मोदी 13 दिसंबर को महाकुंभ तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ सात दिसंबर को सभी तैयारियों का जायजा लिया। इसके मद्देनजर सभी महत्वपूर्ण सड़कों का तेजी से सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रयागराज की अपनी यात्रा के दौरान, वह 6,670 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ करेंगे।

प्रधानमंत्री का यात्रा कार्यक्रम दोपहर करीब 12:15 बजे पवित्र संगम नोज की यात्रा के साथ शुरू होगा, जहां वह पूजा और दर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 12:40 बजे हनुमान मंदिर और सरस्वती कूप में दर्शन के साथ-साथ पूजा अनुष्ठान के लिए अक्षय वट वृक्ष का दौरा किया जाएगा। बाद में, प्रधानमंत्री आयोजन की योजनाओं और प्रगति की समीक्षा करने के लिए महाकुंभ प्रदर्शनी स्थल का दौरा करेंगे। दोपहर 2 बजे तक, उनका भव्य धार्मिक आयोजन के लिए बुनियादी ढांचे और तैयारियों को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न विकासात्मक पहलों का औपचारिक रूप से उद्घाटन और शुभारंभ करने का कार्यक्रम है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 23.c
न्यूनतम तापमान 7.c

### बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 81,526.14 |
| निफ्टी | 24,641.80 |

# दिल्ली मेट्रो में केबल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार, सात फरार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली मेट्रो में केबल चोरी करने वाले 11 सदस्यीय गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार दिल्ली मेट्रो नेटवर्क से सिग्नलिंग केबल चुराने वाले कुख्यात गिरोह का पदार्फाश किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह विशेष रूप से नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी और द्वारका के बीच ब्लू लाइन पर मेट्रो केबल की चोरी करता था। संयुक्त पुलिस आयुक्त (परिवहन रेंज) विजय सिंह ने कहा, गिरोह की गतिविधियों के कारण मेट्रो सेवाएं बाधित हुईं और यात्रियों को काफी असुविधा हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पहले भी चोरी के तीन मामलों में शामिल रह चुके राशिद मलिक (26), शाहरुख मलिक (29), रमजान (32) और जुनैद उर्फ भूरा (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि चोरी का पता पांच दिसंबर को सुबह पांच बजे चला, जब दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के सिग्नल विभाग के सेक्शन इंजीनियर ने नियंत्रण कक्ष में असामान्य सिग्नल सर्किट अलार्म की सूचना दी। जेसीपी ने कहा, जांच के बाद पता चला कि मोती नगर और कीर्ति नगर मेट्रो स्टेशन के बीच 140 मीटर लंबी सिग्नल केबल कट गई थी। यह महत्वपूर्ण केबल ट्रैक सर्किट को डेटा भेजती है, जिससे ट्रेन की स्थिति की निगरानी करने में मदद मिलती है। अधिकारी ने कहा, जी राम गोपाल नाइक (डीसीपी, मेट्रो) की देखरेख में एक टीम बनाई गई और आगे की जांच शुरू की गई। टीम ने गिरोह की गतिविधियों का पता लगाया और लक्षित छापे मारे। इन प्रयासों से शाहरुख मलिक की गिरफ्तारी हुई और बाद में उसके तीन साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि गिरोह के बाकी सात सदस्यों (मासूम, फैजल, इस्लाम, नदीम, सिद्धू, तेली और सरफराज) की पहचान कर ली गयी है। पुलिस ने बताया कि बाकी आरोपी फरार हैं और उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए गांवों का विकास जरूरी : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि देश की 64 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए गांवों का विकास महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने 45 पंचायतों को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि सरकार ने ठोस परिणाम हासिल करने के उद्देश्य से पिछले दशक में पंचायतों के सशक्तीकरण के लिए गंभीर प्रयास किए हैं। मुर्मू ने कहा, ह्लआत्मनिर्भर और सक्षम स्थानीय निकायों के आधार पर ही विकसित भारत की नींव रखी जा सकती है। पंचायतों को अपने राजस्व के स्रोत विकसित कर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए। यह आत्मनिर्भरता ग्राम सभाओं को आत्मविश्वास और देश को मजबूती प्रदान करेगी।' एक बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति ने कहा कि देश की लगभग 64 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती है। उन्होंने कहा, 'इसलिए, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए गांवों और ग्रामीणों का विकास और सशक्तीकरण महत्वपूर्ण है।' जमीनी स्तर पर समावेशी और सतत विकास को आगे बढ़ाने में उनके अनुकरणीय प्रयासों के लिए 45 पंचायतों को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किए गए। इन पंचायतों में से 17 का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। मुर्मू ने 'राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार' के सभी विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उनके समर्पण और प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मान उन्हें और भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करेगा तथा अन्य ग्राम पंचायतों को भी ग्राम विकास की दिशा में सार्थक प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बना रही हैं। उन्होंने कहा, यह प्रसन्न्ता की बात है कि महिला प्रतिनिधि जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### संक्षिप्त समाचार

## विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है राजस्थान: प्रधान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। वह यहां राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक दुनिया की सबसे ताकतवर अर्थव्यवस्थावाला देश बनेगा तथा राजस्थान भारत का अग्रणी राज्य होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया के प्रत्येक कोने में राजस्थान का उद्यमी मौजूद है तथा प्रत्येक राजस्थानी अब आर्थिक व सामाजिक क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां छू रहा है। आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधान ने कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने पहले ही वर्ष में राइजिंग राजस्थान समिट का सफल आयोजन किया है तथा उनके नेतृत्व में राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

## पासीघाट सब्जी बाजार में आग से 100 से अधिक अस्थायी दुकान जलकर खाक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

सियांग, अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी सियांग जिले के पासीघाट सब्जी बाजार में मंगलवार रात भीषण आग लगने से कम से कम 108 अस्थायी दुकान जलकर नष्ट हो गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पूर्वी सियांग के आपदा प्रबंधन अधिकारी संगपा ताशी ने बताया कि आग रात करीब नौ बजे लगी। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार करीब दो करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान हुआ है।

# हम संविधान के सिपाही, न झुकेंगे, न दबेंगे, न रुकेंगे...

## सभापति जगदीप धनखड़ पर खड़गे ने फिर साधा निशाना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली,उच्च सदन में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बार फिर से सभापति जगदीप धनखड़ पर निशाना साधा है। खड़गे ने कहा कि राज्यसभा में विपक्ष के 'बोलने का अधिकार' और 'विचारों की अभिव्यक्ति' का हनन आम बात हो गई है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि राज्यसभा के सभापति धनखड़ लगातार टीकाटोकी कर तथा सत्यापन की अनावश्यक जिद कर विपक्ष की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सदैव दबाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यसभा के सभापति सदन के बाहर विपक्ष के नेताओं की बार-बार



आलोचना करते हैं, अक्सर सत्तारूढ़ दल की दलीलें दोहराते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि नेता प्रतिपक्ष समेत विपक्षी सदस्यों के भाषणों के महत्वपूर्ण अंशों को राज्यसभा के सभापति मनमाने एवं दुभार्वनापूर्ण तरीके से सदन की कार्यवाही से निकालने का नियमित रूप से निर्देश देते रहते हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने मूर्तियों को दूसरी जगह स्थापित करने, सुरक्षा तंत्र में बदलाव जैसे मामलों पर एकतरफा फैसले किये। खरगे ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पर पद के दुरूपयोग का आरोप लगाया और कहा कि उनके आचरण से निष्पक्षता के बारे में गंभीर चिंता पैदा होती है।

अपने पोस्ट में खड़गे ने लिखा कि अध्यक्ष सदन में और सदन के बाहर भी सरकार की अनुचित चापलूसी करते दिखते हैं। प्रधानमंत्री को महात्मा गांधी के बराबर बताना, या प्रधानमंत्री की जवाबदेही की माँग को ही गलत ठहराना, ये सब हम देखते आए हैं। अगर विपक्ष वॉकआउट करता है तो उसपर भी टिप्पणी करते हैं, जबकि वॉकआउट संसदीय परंपरा का ही हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा कि सभापति ने रूल 267 के तहत कभी भी किसी भी चर्चा की अनुमति नहीं दी है। विपक्षी सदस्यों को नोटिस पढ़ने की भी अनुमति नहीं देते हैं। जबकि पिछले तीन दिनों से सत्ता पक्ष के सदस्यों को नाम बुला बुला कर रूल 267 में नोटिस पर बुलवा रहे हैं।

## सड़क पार कर रहे व्यक्तियों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, तीन की मौत

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , गाजियाबाद जिले के क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में सड़क पार कर रहे कुछ लोगों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसकी वजह से दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि घटना मंगलवार रात को हुई। शहर में स्थित विजय नगर कॉलोनी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या नौ पर सड़क पार कर रहे चार लोगों को किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिसकी वजह से वे गंभीर रूप से घायल हो गये। क्रॉसिंग रिपब्लिक की थानाध्यक्ष प्रीति गर्ग ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर के दादरी के निवासी पवन कुमार (45) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। उन्होंने कहा कि तीन अन्य घायलों को अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान दो महिलाओं सुनीता (38) और नीलम (45) की बुधवार को मौत हो गई। उन्होंने बताया कि श्वेता (35) का दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। गर्ग ने बताया कि हादसे के शिकार लोग बस से उतरकर विजय नगर में बागू कॉलोनी अंडरपास से सड़क पार करने की कोशिश कर रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। उन्होंने कहा कि आरोपी चालक को पकड़ने के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज हासिल कर ली गई है, मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# राहुल गांधी संभल-हाथरस के बहाने यूपी को दंगों में झोंकना चाहते हैं: बृजेश पाठक

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कांग्रेस और उसको चलाने वाले गांधी परिवार के सांसद सदस्यों राहुल गांधी एवं प्रियंका वाड्रा क्या अपराध और अपराधियों का धर्म और जाति देखकर किसी पीड़ित परिवार के साथ सहानुभूति जताते या दूरी बनाते हैं। ऐसा इसलिये कहा जा रहा है क्योंकि पीड़ितों के साथ खड़े होने के मामले में गांधी परिवार काफी चूजी हो गया है। वह संभल के दोषियों से तो मिलते हैं लेकिन बहराइच हिंसा में मारे गये हिन्दू युवक के परिवार से जाकर मिलना तो दूर उससे बात करना भी पसंद नहीं करते हैं। बता दें गत दिनों दिल्ली में संभल के पीड़ितों से मिलने के बाद अब राहुल गांधी हाथरस के गांव बूलगढ़ी पहुंचे हैं। राहुल ने यहां चार वर्ष पूर्व हुए बलात्कार कांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। बूलगढ़ी में 14 सितंबर, 2020 को



अनुसूचित जाति की युवती पर हमला हुआ था। इसके भाई ने गांव के ही संदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में युवती के बयानों के आधार पर गांव के तीन युवकों के नाम और धाराएं बढ़ाई गईं। बाद में युवती की मौत हो गई थी।

बता दें 29 सितंबर 2020 को युवती की दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत के बाद देशभर में प्रदर्शन हुए। इस दौरान राहुल व प्रियंका स्वजन से मिलने आए थे। स्थानीय न्यायालय से तीन आरोपितों को निर्दोष माना। संदीप को धारा 304 और एससी-एसटी एक्ट के तहत दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पीड़ित परिवार की सुरक्षा सीआरपीएफ कर रही है। घटना के बाद सरकार से पीड़ित परिवार ने दिल्ली में सरकारी आवास और परिवार के एक सदस्य को नौकरी की मांग की थी। राहुल गांधी का हाथरस आना बीजेपी को अच्छा नहीं लगा इसी लिये उसके नेता कह रहे हैं कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति और कांग्रेस का यह चेहरा एक बार फिर बेनकाब हुआ है। उन्हें हमास और फिलिस्तीन तो दिखता है, लेकिन बांग्लादेश में हिंदू नहीं दिखते। वे अराजकता फैलाने वालों के साथ बैठना पसंद करते हैं, लेकिन शांति को बढ़ावा देने के लिए कभी आगे नहीं आते। राहुल गांधी के हाथरस दौरे पर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा है कि राहुल गांधी लोगों को उकसाने की कोशिश कर रहे हैं। पहले संभल और अब हाथरस यात्रा के जरिए राहुल गांधी यूपी को अराजकता और दंगों की आग में झोंकना चाहते हैं।

# दिल्ली में केजरीवाल का बड़ा दांव

## अब महिलाओं को हर महीने मिलेंगे एक हजार, बोले- चुनाव बाद 2100 दूंगा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली,दिल्ली चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने महिलाओं को साधने की कोशिश की है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की कि अगर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी 2025 के विधानसभा चुनावों के बाद तीसरी बार सत्ता में लौटती है तो राष्ट्रीय राजधानी में 18 वर्ष से अधिक उम्र की प्रत्येक महिला के खाते में 2,100 रुपये जमा किए जाएंगे। हालाँकि, उन्होंने कहा कि कल से पंजीकरण शुरू होने के बावजूद, राशि तुरंत जमा नहीं की जाएगी क्योंकि महत्वपूर्ण चुनावों की तारीख अगले 10 से 15 दिनों में घोषित की जाएगी।



मुख्यमंत्री आतिशी के साथ एक कार्यक्रम में केजरीवाल ने कहा कि मैंने पहले हर महिला को 1,000 रुपये देने का वादा किया था। लेकिन कुछ महिलाएं मेरे पास आईं और कहा कि महंगाई के कारण 1,000 रुपये पर्याप्त नहीं होंगे। इसलिए सभी महिलाओं के खाते में 2100 रुपये जमा किये जायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आज सुबह आतिशी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया, जिसके बाद यह योजना लागू कर दी गई है।

केजरीवाल ने कहा कि आज मैं दिल्ली की जनता के लिए दो बड़ी घोषणाएं करने आया हूं। दोनों ही घोषणाएं महिलाओं के लिए हैं। मैंने वादा किया था कि मैं हर महिला को 1,000 रुपये दूंगा। आज सुबह आतिशी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गयाष। अब यह योजना दिल्ली में लागू हो गई है। 10-15 दिन में चुनाव की घोषणा हो जाएगी, इसलिए अभी खाते में पैसे ट्रांसफर करना संभव नहीं है। कुछ महिलाओं ने कहा कि महंगाई के कारण 1000 रुपये पर्याप्त नहीं होंगे। इसलिए कल से 2100 रुपये प्रति माह पर रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा।

दिल्ली सरकार की 'महिला सम्मान योजना' पर दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि ये महिलाओं के लिए बहुत बड़ी घोषणा है। दिल्ली में इसे मार्च में बजट में पारित किया गया था। लेकिन अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दिया गया ताकि इसे रोका जा सके। इसे रोकने के लिए काफी समय से कोशिशें की जा रही थीं। लेकिन आज हमने एक बड़ी सफलता का स्वाद चखा जब (दिल्ली) कैबिनेट ने इसे पारित कर दिया। यह योजना दिल्ली में लागू हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल ने आज एक बड़ा ऐलान किया है कि इस साल 1000 रुपये की स्कीम अगले साल बढ़ाकर 2100 रुपये कर दी जाएगी।

# मायके में विवाहिता की मौत, सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

## ससुरालीजनों पर मायके पक्ष के लोगों ने दहेज प्रताड़ना का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



मायके पक्ष के लोगों को समझाते – एसीपी

लखनऊ। बीती रात एक विवाहिता की मायके में मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए माल मलिहाबाद मार्ग पर शव रख कर प्रदर्शन किया। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मायके पक्ष के लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। मायके पक्ष की तहरीर पर माल पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज।

माल थाना क्षेत्र के ग्राम हसनापुर निवासी बाबूलाल ने अपनी पुत्री सीमा की शादी पांच वर्ष पूर्व रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी रजनेश से की थी। पिता ने बताया शादी के बाद से ही बेटी को दहेज के लिए आए दिन प्रताड़ित किया जाता था। बीते जनवरी माह में रजनेश ने परिवार वालों संग पत्नी को पीट कर घर से निकाल दिया था जिसके बाद से सीमा अपने पुत्र आर्यन (4) के साथ मायके में रह रही थी। बीते कुछ समय से उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं था। बीते बुधवार रात सीमा की मौत हो गई। बृहस्पतिवार सुबह मायके पक्ष के लोगों ने नबीपनाह गांव के सामने माल मलिहाबाद मार्ग पर शव रखकर डेढ़ घंटे तक प्रदर्शन किया। मलिहाबाद एसीपी अमोल मुर्कुट ने कार्रवाई का आश्वासन देकर आवागमन सुचारू रूप से चालू कराया। पिता बाबूलाल ने बेटी के पति रजनेश, सास सोमवती, ससुर केशन, जेठ संजय, जेठानी विजय लक्ष्मी, ननद अंजू व अन्य पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए शादी में दहेज में कार और सोने की चेन की मांग की गई थी। जिसकी फरमाइश पूरी न होने पर ससुरालीजन सीमा से अक्सर मारपीट करते थे। जिसको लेकर सीमा ने अपने पिता को यह बात बताई थी। इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक विनय चतुर्वेदी ने बताया कि मायके पक्ष द्वारा मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# लखनऊ शेफ पंख फाउंडेशन हमेशा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अग्रसर रहेगा : शालिनी लाल

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ शेफ पंख फाउंडेशन की ओर से अन्नपूर्णा अवार्ड और द्रोणाचार्य अवार्ड का आयोजन किया गया जिसमें बहुत सी महिलाओं को सम्मानित किया गया। इन महिलाओं में सभी कामकाजू महिलाएं थी जिनमें से कुछ के बुटीक, किसी की बेकरी शॉप, किसी का रेस्टोरेंट और कुछ लोग अपना बिजनेस घर से ही करती है। इसी क्रम में बिजनेस करने वाली महिलाओं को बिजनेस आइकन अवार्ड भी दिया गया। संस्था की अध्यक्षा शालिनी लाल के जन्मदिन के मौके पर हर साल इसी प्रकार कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है और जिसमें महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है और महिलाओं को सम्मानित भी किया जाता है अपने जन्मदिन के मौके पर शालिनी जी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में हमेशा करती रहूंगी और महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए जो भी कार्य होगा वह करेंगी। इस खास मौके पर उपस्थित सभी महिलाओं ने संस्था की अध्यक्षा शालिनी लाल का जन्मदिन केक काटकर बड़े ही हर्षोउल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुरलीधर आहूजा और नवाब मसूद अब्दुल्ला संस्था की अध्यक्षता शालिनी लाल उपस्थित रही। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा की शालिनी जी द्वारा जो लखनऊ शेफ पंख फाउंडेशन चलाया जा रहा है इसमें सभी महिलाओं को कुछ सीखने का और आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलता है कार्यक्रम में लखनऊ ही नहीं लखनऊ से बाहर अन्य जिलों से भी कई महिलाएं आई थीं जिन्होंने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की और शालिनी जी की सराहना की। लखनऊ शेफ पंख फाउंडेशन की ओर से अन्नपूर्णा द्रोणाचार्य और बिजनेस आइकन अवार्ड से महिलाओं को सम्मानित किया गया जिसमें अन्नपूर्णा अवॉर्ड से विनीता माथुर, पल्लवी श्रीवास्तव, कीर्ति, गुप्ता, तनुजा गुप्ता, सीमा सिंह, प्रीति श्रीवास्तव, आकांशा प्रजापति, दीप्ति सूरी, नीरजा मिश्रा, दीप्ति गुप्ता, नीतू शर्मा, नेहा सिंह, शिवानंद गौतम, अंजू श्रीवास्तव, कंचन चौरसिया, अमिता अग्रवाल, बिंदु यादव, बीना राजपाल, ऋचा जसवानी, खुशबू कक्कड़, रंजना वर्मा, अंजुला श्रीवास्तव, रचना अग्रवाल, अमित कुमारी, सोनिया अरोड़ा अमृताक्षी, आकांशी, पल्लवी जैन लखनऊ, नमृता मिश्रा को सम्मानित किया गया इसकी क्रम में द्रोणाचार्य अवार्ड से नीलिमा कपूर, कविता सिंह, अलका सिंह तोमर, अंशु भटनागर, मंजुलिका अस्थाना, अस्मत जमाल, शिल्पी सक्सेना, नंदिनी मोतियानी, निहारिका आहूजा, नीतिका सक्सेना, नंदिता सेन, नीरजा, गीता भार्गव ऋचा मिश्रा, नसरीन खान को सम्मानित किया गया तथा बिजनेस आइकन अवार्ड से बिजनेस आइकन अवार्ड उत्तरा दुग्गल, ईशा आत्मविश्वासी, वर्ष प्रधान, संदीप चतुर्वेदी, रौनक अग्रवाल, निधि श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया

# ई-रिक्शा चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश, गिरफ्तार

### गैंग का पर्दाफाश करने वाली टीमों को मिलेगा 25हजार का ईनाम

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज।डीसीपी केशव कुमार ने एडीसीपी राजेश यादव व एसीपी रजनीश वर्मा की मौजूदगी में प्रेसवार्ता में बताया निगोहां के गौतमखेड़ा गांव निवासी हंसराज खुद का ई रिक्शा चलाता है बीते 5दिसम्बर को मोहनलालगंज कस्बे से दो अज्ञात लोगो ने खुजौली चलने की बात कहकर उसका ई रिक्शा बुक करने के बाद खुजौली बाजार में स्थित एक होटल से चाय खरीदकर उसमें नशीली दवा मिलाकर पीला दिया था, हंसराज के नशे में होने पर नगराम के करोरा गांव के पास उसे सड़क किनारे ढकेलकर ई रिक्शा, मोबाइल व पैसे लूटकर भाग निकले थे, घटना के दूसरे दिन 6दिसम्बर को पीड़ित ई रिक्शा मालिक हंसराज के तहरीर देने पर दो अज्ञात के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिये इंस्पेक्टर अमर सिंह के नेतृत्व में पुलिस व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीमो को लगाया गया था, 100से अधिक सीसिटीवी कैमरो की फुटेज खगांलने के साथ ही टेक्निकल व मैनुअल साक्ष्यो के जरिये पुलिस टीमो ने गुरुवार को खुजौली क्षेत्र से जहर खुरानी गैंग के तीन बदमाशो को गिरफ्तार किया।डीसीपी ने बताया कोतवाली लाकर पुलिस ने कड़ाई से पुछताछ की तो तीनो बदमाशो ने अपना नाम संगम निवासी सरैया कस्बा गोसाईगंज, पकंज कश्यप निवासी खुजौली थाना मोहनलालगंज संदीप उर्फ भूरा निवासी हुलासखेड़ा थाना मोहनलालगंज बताया।पुछताछ में संगम ने बताया सात दिन पहले ?मोहनलालगंज कस्बे से ई रिक्शा बुककर चालक हसंराज को नशीली चाय पिलाकर बेहोश होने पर ई रिक्शा, मोबाइल फोन लूटने की घटना समेत बाराबंकी क्षेत्र में भी जहर खुरानी कर दो ई रिक्शा लूटने की घटना को अजांम देने की बात कबूली।तीनो बदमाशो की निशानदेही पर तीन ई रिक्शा समेत कबाड़ी को बेची गयी 12बैट्रियां, एक मोबाइल फोन व पांच हजार रुपए समेत नशीली गोलियां बरामद की।पुलिस ने तीनो आरोपियो को बरामद माल के साथ न्यायालय में पेश किया, जहां से तीनो को जेल भेज दिया गया।

# मृतक सटरिंग कारीगर के भाई की शिकायत पर मकान मालिक व ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में एक बीते मंगलवार को एक सटरिंग कारीगर की दूसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई।वहीं मृतक के भाई ने करंट लगने से भाई की मौत की बात कह मकान मालिक व ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि मूल रूप से ग्राम समेरा थाना सोहरामऊ जिला उन्नाव निवासी विनोद पुत्र स्व० देशराज के अनुसार उसका मृतक भाई विशम्भर कुमार पुत्र देशराज शटरिंग कारीगर था और मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बीते 10 दिसम्बर को वह ठेकेदार गिरजा शंकर पुत्र कृष्ण गोपाल शर्मा निवासी सेक्टर जी एलडीए कालोनी कानपुर रोड लखनऊ की सटरिंग पर काम करने गया था और सुमित्रा कुरील के घर मे काम कर रहा था। आरोप है कि उसके भाई की मकान की दूसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई।उसे मृतक भाई के मजदूर साथियों व मकान मालिक व चुनाई ठेकेदार से जानकारी हुई की उक्त मकान में पर खुले हुए तार में बिजली की सप्लाई चालू तो नही है। लेकिन उसके भाई की उक्त निमार्णाधीन मकान में प्रयुक्त सरिया में करन्ट होने के कारण उसके मजदूर मृतक भाई की मृत्यु हो गयी। वहीं मृतक के भाई का कहना था कि उसके मृतक भाई विशम्भर कुमार पुत्र देशराज ने निमार्णाधीन मकान में शटरिंग के दौरान सरिया मोड़ना चाहा करन्ट लगने से उसकी मौके पर मृत्यु हो गयी। उसके भाई की मृत्यु में मकान मालिक व चुनाई ठेकेदार व सटरिंग ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है। जिसके चलते उसने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से आरोपित मकान मालिक व चुनाई ठेकेदार व सटरिंग ठेकेदार की लापरवाही का आरोप लगा नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार मृतक शटरिंग कारीगर के भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# रहमान खेड़ा के जंगल में बाघ ने नीलगाय को बनाया निशाना

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बाघ ने नीलगाय को बनाया अपना शिकार। बृहस्पतिवार सुबह बागवानी संस्थान के खेतों में नील गाय का क्षत विक्षत शव पड़ा देखा गया। इसके बाद सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम जांच पड़ताल में जुटी। बाघ ने जहां नीलगाय का शिकार किया वहां से सौ मीटर की दूरी पर वन विभाग ने पिंजरा लगा दिया है।

### बेल ब्लॉक में मिला नीलगाय का शव

काकोरी के रहमान खेड़ा स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के बेल उत्पादन ब्लॉक में बृहस्पतिवार सुबह मजदूर काम करने पहुंचे थे। जहां उन्होंने नीलगाय का क्षत विक्षत शव देखा। जिसकी सूचना उन्होंने संस्थान के निदेशक को दी। निदेशक ने जानकारी वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच पड़ताल कर नील गाय के शव से सौ मीटर की दूरी पर पिंजरा लगा दिया है।

### प्वाइंट पर लगाए गए फोटो ट्रैप कैमरे

रेंजर समेत वन विभाग की टीम सुबह 11 बजे मौके पर पहुंच गई। आस-पास इलाके की सघन जांच करने के बाद टीम को संस्थान परिसर और बाहर खेतों में बाघ के पग चिन्ह मिले हैं। टीम ने संस्थान में बाघ की मूवमेंट पर नजर रखने के लिए प्वाइंटो पर फोटो ट्रैप कैमरे लगाए हैं। वहीं मजूदरों का कहना है कि खेतों में काम करने के दौरान बाघ के दहाड़ने की आवाज भी सुनाई दी थी। आवाज सुनकर मजदूर वहां से भाग खड़े हुए।

### संस्थान में सुनाई पड़ी बाघ की दहाड़

संस्थान में काम करने वाले मजदूरों के अनुसार बुधवार देर शाम और गुरुवार की सुबह बाघ की दहाड़ सुनाई पड़ी थी। इसके बाद संस्थान के कर्मचारियों को छुट्टी दे दी गई। बाघ की दहाड़ और नीलगाय के शिकार के बाद रहमानखेड़ा, उलरापुर, मंडौली, बुधड़िया, करझन मलिहाबाद बॉर्डर के आसपास गांवों के लोग दहशत में हैं।

### 2012 में भी पहले तेंदुआ माना गया, बाद में बाघ निकला

2012 में रहमानखेड़ा के जंगलों में इसी तरह के पग मार्क मिलने पर तेंदुआ होने की आशंका बाद में गलत निकली। आगे चलकर पता चला कि वो बाघ है। बाघ तब तीन माह तक जंगलों में रुका था। वन विभाग की टीम ने हाथी पर सवार होकर कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया था जिसके बाद बाघ को पिंजरे में कैद किया जा सका था। रहमानखेड़ा में लगभग 100 हेक्टेयर जंगली हिस्सा है।

डीएफओ सितांशु पाण्डेय ने बताया कि मिले पगचिह्नों की जांच में पगचिन्ह 13 सेंटीमीटर से अधिक के पाए गए हैं। यह साइज बाघ के पंजों जैसा ही है। आसपास के इलाकों में लगभग दस कई किलोमीटर तक कॉम्बिंग की जा रही है। संस्थान के ब्लॉक में बाघ की सबसे ज्यादा चहलकदमी पाई गई है। बृहस्पतिवार को भी नए पगचिह्न मिले हैं। जिसके बाद संस्थान में ट्रैप कैमरा और दो पिंजरे लगाए गए है।

# बाइक और ई रिक्शा की जोरदार टक्कर तीन लोग घायल



### गंभीर अवस्था में ट्रामा सेंटर भेजे गए

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 18 में तेज रफ्तार ई रिक्शा ने बाइक सवार युवक को सामने से टक्कर मार दी, जिससे ई रिक्शा पलट गया, दुर्घटना में बाइक सवार युवक, ई रिक्शा चालक, और एक सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें पुलिस ने तत्काल एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया जहां तीनों का उपचार चल रहा है। मनीष 22 वर्ष निवासी चरण भट्ठा रोड, पीजीआई लखनऊ फल का ठेला लगाते हैं, गुरुवार शाम करीब 5 बजे बाइक से वृंदावन योजना सेक्टर 18 से अपने घर लौट रहे थे। तभी पीजीआई की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी तेज थी कि ई रिक्शा भी पलट गया, दुर्घटना में बाइक सवार मनीष, ई रिक्शा चालक सुजीत रावत 20, और ई रिक्शा में बैठी एक सवारी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका नाम पता नहीं चल सका है।बाइक सवार मनीष के सिर में गंभीर चोट आई है। एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है।

# लखनऊ में टोकरी टी की हुई शानदार लॉन्चिंग

## टोकरी टी अंतरराष्ट्रीय टी कंपनियों को देगी टक्कर : शैलेश राय चेयरमैन

### टोकरी टी का स्वाद अन्य ब्रांडों से होगा बेहतर, एक बार स्वाद जरूर ले : सूर्यकुमार शुक्ला पूर्व डीजीपी

### टोकरी टि की होगी अनोखी पैकेजिंग, जगह–जगह लगेंगे आउटलेट, ग्राहक ले सकेंगे चलते फिरते चाय का स्वाद : इंद्रनेश कुमार सिंह सीईओ

### अंतर्राष्ट्रीय टी ब्रांडेड कंपनियों की अपेक्षा कम दरों में टोकरी टी को बेहतर गुणवत्ता के साथ प्रस्तुत करेंगे : ए. के. चट्टोपाध्याय

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। देश-विदेश में जहां बेहतरीन से बेहतरीन ब्रांडेड कंपनियां चाय का उत्पादन कर रही है और अपने उत्पादों की क्वालिटी को अलग-अलग स्वाद में परिवर्तित कर मार्केट में लॉन्चिंग कर रही है और अपना प्रचार प्रसार कर रही है। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ के गोमती नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में बीते दिन बुधवार रात्रि मुख्य अतिथि सूर्यकुमार शुक्ला पूर्व डीजीपी के द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए टोकरी टी का भव्य लॉन्चिंग किया गया। इस अवसर पर आए हुए सभी विशिष्ट अतिथियों ने एक-एक करके दीप प्रज्वलित किया और टोकरी टी कंपनी को हार्दिक शुभकामनाएं दी। टोकरी टी की गुणवत्ता और स्वास्थ्यवर्धक विशेषताएं भी बताई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सूर्यकुमार शुक्ला पूर्व डीजीपी ने बताया कि अद्वितीय चाय पीने के अनुभव के लिए आधुनिक स्वाद के साथ प्रामाणिकता का सम्मिश्रण करते हुए उच्चतम गुणवत्ता वाली प्रीमियम चाय प्रदान करना। उत्पादन के हर चरण में, सोर्सिंग से लेकर पैकेजिंग तक, पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को लागू करना, न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करना है। आखिर टोकरी चाय क्यों पिए इसके बारे में शैलेश राय चेयर मैंन ने बताया कि हम बेहतरीन मिश्रण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हर घूंट में प्रामाणिकता और परिष्कार को महत्व देने वाले पारखी लोगों को पूरा करते हैं। गुणवत्ता के प्रति हमारा समर्पण सुनिश्चित करता है कि केवल सर्वश्रेष्ठ ही आपके कप तक पहुंचे, एक बेजोड़ चाय का अनुभव प्रदान करता है जो आत्मा को सुकून देता है और इंद्रियों को ऊपर उठाता है। टोकरी टी की लॉन्चिंग होने से रोजगार के अवसर भी नई पीढ़ियां को प्राप्त होगा। इसी क्रम में व्यापार को बढ़ावा देने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने बताया कि निष्पक्ष व्यापार को बढ़ावा देकर और उन्हें टिकाऊ खेती के लिए संसाधन और शिक्षा प्रदान करके स्थानीय चाय उत्पादकों को समर्थन और उत्थान प्रदान करना होगा। तभी टोकर टी की सफलता होगी। टोकरी टी की विशेषता के बारे में इंद्रनेश कुमार सिंह सीईओ ने बताया कि टोकरी चाय की हर घूंट में विलासिता का अनुभव महसूस करेंगे। टोकरी टी में, हम ऐसी प्रीमियम चाय बनाने में गर्व महसूस करते हैं जो गुणवत्ता और परंपरा का सार प्रस्तुत करती है। भारत के बेहतरीन चाय उत्पादक क्षेत्रों के बीच में स्थित, पर्वतीय क्षेत्रों व घाटियों से हाथों द्वारा चुनी गई पत्तियों से शुरू होती है, पहाड़ों की प्राकृतिक जल से संचित चाय की पत्तियों का उत्पादन होता है, जिन्हें प्रकृति द्वारा पोषित किया जाता है और विशेषज्ञ शिल्प कौशल के माध्यम से परिपूर्ण किया जाता है। टोकरी चाय का हर कप शुद्धता, स्वाद और विलासिता का उत्सव है।इसी क्रम में ए.के.चट्टोपाध्याय डॉयरेक्टर ने बताया कि विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त चाय ब्रांड बनना जो शुद्धता, परंपरा और नवीनता का प्रतीक हो, प्रकृति की बेहतरीन चाय की पत्तियों का सार हर घर तक पहुंचाए, साथ ही स्थिरता को बढ़ावा दे और चाय उत्पादक समुदायों को सशक्त बनाए। इस उद्देश्य को लेकर टोकरी टी लॉन्चिंग की गई है। चाय प्रेमियों के लिए एक प्रिय अनुष्ठान बनाना, समृद्ध स्वाद, सुंदर पैकेजिंग और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का संयोजन होगा। टोकरी टी (चाय) की लॉन्चिंग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सूर्यकुमार शुक्ला पूर्व डीजीपी उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि गोपाल राय राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व हिंदू रक्षा परिषद एवं केंद्र लोक शिकायत एवं जांच संस्थान लखनऊ, डॉ. सदानंद राय सहजानंद विचार मंच, रत्नेश प्रधान सीएलएफ वाराणसी जोन, सुभाष राय पूर्व विधायक अंबेडकर नगर, शैलेश राय चेयर मैंन अल्पाइन टोकरी टी, जयशंकर तिवारी टी स्पेशलिस्ट, इंद्रनेश कुमार सिंह सीईओ अल्पाइन ब्लिस प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।

# उधार दिए रुपये न मिलने से परेशान ठेकेदार ने होटल में जहरीला पदार्थ खा दी जान

### बेटे की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।उधार में दिए 29 लाख रुपये न मिलने से परेशान होकर रविवार को आलमबाग स्थित होटल सौभाग्य इन होटल में बीते 8 दिसम्बर को आजमगढ़ के रहने वाले ठेकेदार माता प्रसाद सिंह (45) ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। वहीं मृतक के बेटे ने अपने पिता का अंतिम संस्कार करने के बाद मृतक पिता के पास मिले सुसाइड नोट के आधार पर दो लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।आलमबाग कोतवाली प्रभारी कपिल गौतम ने बताया कि बीते शनिवार को थाना क्षेत्र स्थित स्थित होटल सौभाग्य इन में आए आजमगढ़ के करखिया रुस्तम सहाय निवासी माता प्रसाद सिंह ने जहरीला पदार्थ खा लिया था रविवार सुबह होटल स्टाफ उनके कमरे में गया तो उनकी हालत खराब देख होटल स्टाफ को जानकारी दी।होटल स्टाफ की सूचना पर पहुंची स्थानीय आलमबाग पुलिस ने मृतक की हालत देख नजदीकी लोकबंधु अस्पताल भेजवाया।जहां से प्राथमिक उपचार कर उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं मृतक के पास से मिले सात पन्ने के सुसाइड नोट में दो लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया था।मृतक के बेटे ने पिता का अंतिम संस्कार करने के बाद दो लोगों भूपेन्द्र सिंह निखिलेश मौर्य के खिलाफ नामजद शिकायत की है।पुलिस के अनुसार मृतक के बेटे सूरज के मुताबिक पिता माता प्रसाद ने कृष्णा इंटरप्राइजेज के नाम से फर्म बनाई थी। शनिवार को पिता देवरिया जाने की बात कहकर घर से निकले थे। लखनऊ कैसे आ गए कुछ नहीं मालूम। सुसाइड नोट में उन्होंने लिखा है कि आजमगढ़ में एक गाड़ी कंपनी के जीएम भूपेंद्र सिंह ने उनसे 16 लाख रुपये और निखिलेश ने 13 लाख रुपये उधार लिए थे। रुपये वापस लौटाने के नाम पर अब वह धमका रहे हैं। उन्होंने कुछ लोगों से फर्म चलाने के लिए उधार लिया है वह भी रुपये वापस लौटाने का दबाव बना रहे हैं।परेशान होकर वह अपना जीवन खत्म कर रहे हैं। मृतक के बेटे की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# सत्तारूढ़ पार्टी इस देश को नष्ट करना चाहती है :संजय सिंह

### कोई भी न्यायधीश यह अधिकार नहीं रखता कि वह यह कहे कि यह देश केवल बहुसंख्यक समुदाय का है : संजय सिंह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने हाल ही में इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायधीश शेखर कुमार यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ?यह देश सभी का है और यह बात भारतीय संविधान में लिखी हुई है। कोई भी व्यक्ति संविधान के खिलाफ नहीं जा सकता है, और यदि कोई इसके खिलाफ जाता है, तो हम उसकी आवाज उठाएंगे। यह देश किसी एक वर्ग का नहीं, बल्कि सभी भारतीयों का है। उन्होंने आगे कहा, सत्तारूढ़ पार्टी इस देश को नष्ट करना चाहती है। देश में बेरोजगारी बढ़ रही है, स्कूल और अस्पताल बंद हो रहे हैं। क्या सत्तारूढ़ पार्टी ने इस पर कभी कुछ कहा नहीं। कोई भी न्यायधीश यह अधिकार नहीं रखता कि वह यह कहे कि यह देश केवल बहुसंख्यक समुदाय का है। संजय सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने देश की मूल धारा को कमजोर किया है और यह संविधान के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने नागरिकों से संविधान के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने का आह्वान किया और न्याय के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।

# पत्नी ने पति समेत ससुरालीजनों पर प्रताड़ित करने व धमकी देने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक विवाहिता ने पति पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने व तेजाब डालकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए ससुरालीजनो पर मुकदमा दर्ज कराया है।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के बड़ी गढ़ी की रहने वाली पत्नी काजल ने आरोप है कि उसका विवाह बीती 14 फरवरी को माल थाना क्षेत्र के ग्राम अटारी निवासी समरेन्द्र कुमार से हिन्दू रिति रिवाज से हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद से ही शराब के नशे में आये दिन पति पीट पीटकर प्रताड़ित करने लगा और यह कहकर घर से निकाल दिया कि तुम अपने मायके से बाइक और पांच लाख रूपए मंगवा कर दो। समरेन्द्र ने मार पीटकर उसका दांत भी तोड दिया और इलाज भी नही कराया। काजल के ससुर सुक्खा राम व सास रामदुलारी व जेठ राजेश कुमार और रामभजन व जेठानी पूजा व पारुल व जेठ रमेश कुमार भी दहेज को लेकर पति के साथ मिलकर उसको मारते थे।और कहते है तुम दहेज कम लायी हो अपने घर वालो से कहो कि अपनी जमीन बेचकर पैसे दें। नहीं तो तेजाब डालकर जान से मारकर नाले में फेंक देंगे। इससे पहले कई बार सुलह समझौता भी होने के बाद भी उस पर जुल्म हो रहा है। पीड़िता की तहरीर पर मलिहाबाद पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर ससुरालजनों पर दहेज प्रताड़ना सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# निगोहां के प्राचीन संकट मोचन मंदिर में दो दिवसीय मेले का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। निगोहां गांव में स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर से निगोहां कस्बे में हांथी, घोडा, पालकी से आज राम बरात निकाली जाएगी। साथ ही मंदिर परिसर में दो दिवसीय मेले का आयोजन भी होगा। मेला प्रबन्धक लक्ष्मीकांत तिवारी व अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी संकट मोचन हनुमान मंदिर पर शुक्रवार से दो दिनों का आयोजन होगा जिसमे रामलीला व राम बरात का आयोजन किया जाएगा साथ ही देर शाम से भव्य दीपोत्सव, आतिशबाजी, धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर होगा। शुक्रवार दोपहर से भगवान श्री राम की बरात हनुमान मन्दिर से निकाली जाएगी जिसकी भी पूरी तैयारियां हो चुकी हैं। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल भी मौजूद रहेगा।

## संक्षेप

### समाजवादी पार्टी की आयोजित हुई मासिक बैठक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यलय पर आज पार्टी की मासिक बैठक की गई, बैठक में पहुंचे विधान सभा प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष अनवर सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ता पार्टी की रीतियों ,नीतियों की बात करते हुए पार्टी में ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोड़िए साथ ही मतदाता सूची में नाम बढ़वाने व कटवाने पर नजर रखते हुए अपने अपने बूथ मजबूत करिए ।वही पूर्व विधयाक उदय राज यादव ने कार्यताओं के उत्पीड़न पर बोलते हुए कहा कि आने वाले समय आप सभी एकत्रित होईए और और हर स्तर पर हो रही धांधली ,उत्पीड़न के खिलाफ जनांदोलन किया जाएगा । कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख वितेन्द्र प्रताप सिंह ,पूर्व प्रमुख राजकुमार रावत ,रामनरेश लोधी ,कुलदीप यादव ,सुनील रावत आदि ने भी सम्बोधित किया ।कार्यक्रम का संचालन हरिकेश यादव प्रधान समाधा ने किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से जवाहर यादव ,सुजीत यादव ,धर्मपाल सिंह राजकुमार लोधी , राजेन्द्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। पाटन स्थित माँ गायत्री देवी मंदिर प्रांगण में गुरुवार को सुमेरपुर मंडल अध्यक्ष के लिए नामांकन प्रकिया पूर्ण की गई जिसमें कुल आठ लोगो ने मंडल अध्यक्ष पद हेतु जबकि तीन लोगों ने जिला प्रतिनिधि पद हेतु नामांकन किया ।चुनाव अधिकारी जैनेंद्र शुक्ला ने बताया नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गयी है।मंडल अध्यक्ष की घोषणा 15 दिसम्बर को उच्च पदाधिकारी करेंगे।इस मौके पर निर्वतमान मंडल अध्यक्ष आशीष बाबा,पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव बहादुर लोधी,जिला कार्यसमिति सदस्य कांत तिवारी ,रामप्रसाद लोधी, रमेश चंद तिवारी, महामंत्री नरेश मिश्रा,शिव प्रताप सिंह, विनीत सिंह,राजेश विश्वकर्मा, अर्जुन लोध, प्रशांत तिवारी,शांती सिंह, मधुराज लोध,आशीष अवस्थी,गुरुप्रसाद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भ्रमण कर योजना का किया जा रहा प्रचार प्रसार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत लोगों को अधिक से अधिक इस योजना का लाभ दिलाने के लिए नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा गंजमुरादाबाद नगर में भ्रमण कर इस योजना का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे नगरवासी इस योजना का लाभ उठा सकेंमालूम हो कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 14 दिसंबर को सामूहिक विवाह का आयोजन होना है।गंजमुरादाबाद नगर वासियों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए नगर पंचायत के कर्मचारी नगर में भ्रमण कर लोगों को इस योजना के बारे में बता कर इसका प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

# वाहन चालकों से अवैध वसूली करने वाले फर्जी पुलिस कर्मी को किया गया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक फर्जी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया है, जो वाहन चालकों से अवैध वसूली कर रहा था। आरोपी ने पुलिस की वर्दी पहनकर इलाके में लंबे समय से लोगों को गुमराह कर रहा था एसपी के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत बीघापुर पुलिस ने इस शातिर को रंगे हाथ पकड़ा ।बीघापुर थाने के दरोगा लक्ष्मण प्रसाद पाण्डेय और उनकी टीम ने छापेमारी के दौरान आरोपी शिव बक्स को पकड़ा। आरोपी के पास से पुलिस वर्दी, मोनोग्राम वाली जैकेट, पुलिस बैज, जाली पहचान पत्र, नाम प्लेट और पीतल का ताज बरामद हुआ। इसके अलावा, 7300 रुपये नकद और पुलिस लिखी मोटरसाइकिल भी जब्त की गई ।पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने खुद को रायबरेली के सरेनी थाना क्षेत्र के निवाजीखेड़ा गांव का निवासी बताया। उसने कबूल किया कि वह 12वीं पास है और नौकरी न मिलने के कारण पुलिस की वर्दी पहनकर वसूली करने लगा। आरोपी ने बताया कि वह खुद को एसपीजी में तैनात बताकर रायबरेली, पुरवा और अब बीघापुर में वसूली कर रहा था ।पुलिस को सूचना मिली थी कि बीघापुर कस्बे में एक व्यक्ति पुलिस वर्दी में वाहन चालकों से अवैध वसूली कर रहा है।सूचना मिलते ही ओमप्रकाश की दुकान के पास छापेमारी की गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया ।अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह ने पुलिस लाइन में मामले का खुलासा करते हुए बताया, ₹आरोपी ने रोहित सिंह नाम की नेम प्लेट लगाकर क्षेत्र में वसूली कर रहा था। पिछले दो साल से यह रायबरेली और आसपास के इलाकों में ठगी करता आ रहा है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है ।₹


जांच में यह भी पता चला कि आरोपी ने रायबरेली में वसूली के बाद उन्नाव के पुरवा क्षेत्र में अपना ठिकाना बनाया और फिर बीघापुर में सक्रिय हुआ। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि आरोपी ने कितने लोगों से ठगी की है ।बीघापुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं इस फजीर्वाड़े में और लोग शामिल तो नहीं।

# बीच सड़क में आपस में भिड़े दो सांड, मची अफरा-तफरी

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। नेशनल हाईवे रोड़ पर आवारा जानवर हमेशा घूमा करते हैं रोड पर छोटे बड़े वाहन तेज रफ्तार से फरार्टा भरते हैं आवारा जानवरों के आपस में लड़ने ' घूमने से कई बार दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है बीच सड़क पर आपस में दो सांडों की लड़ाई से लोगों में फैला अफरा तफरी का माहौले

तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रावतपुर के सामने उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे पर हमेशा आवारा जानवर बीच रोड पर झुंड के झुंड बैठे रहते हैं कई बार बड़े वाहन की टक्कर से कई जानवर की मौत भी हो चुकी है व जानवरों के टक्कर से कुछ लोगों की भी जान चली गई है कुछ घायल भी होते हैं बीच सड़क पर आवारा



जानवरों की आपस में लड़ने व घूमने के कारण लगातार घटनाएं घट रही है बुधवार को दोपहर दो आवारा सांड आपस में लड़ने लगे जिससे तेज रफ्तार वाहन टक्कराने से बाल बाल बचा यदि शासन के द्वारा आवारा जानवरों को नेशनल हाईवे से नहीं हटाया गया तो शीघ्र ही कोई बड़ी अनहोनी घटना पुनः घटित हो सकती हैं।

# बाइक सवार मजदूर को ट्रैक्टर ने मारी टक्टर, मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के दोस्ती नगर के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार मजदूर को टक्कर मार दी। हादसे में मजदूर की मौत हो गई। वह मजदूरी कर फैक्ट्री से वापस घर लौट रहा था। घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। घटना की जांच पड़ताल की कर तहरीर के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है ।कोतवाली क्षेत्र के पटकापुर पतारी गांव निवासी जयशंकर पुत्र अर्जुन अकरमपुर स्तिथ एक फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। बुधवार की रात वह मजदूरी कर गुरुवार सुबह छुट्टी होने पर बाइक पर सवार होकर वापस घर लौट रहे थे, अभी दोस्ती नगर के पास पहुंचे थे कि तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए ।एक्सीडेंट की सूचना पर स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते हैं परिवार में कोहरा मच गया। मोर्चरी हाउस पहुंचे परिजन रो रो कर बेहाल होते रहे।

मृतक के परिजनों ने बताया कि वह पांच भाइयों में सबसे छोटा था मृतक के दो बेटे और बेटी है मौत के बाद पत्नी सीमा घटना के बाद बदहवास होती रही। पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की है। कोतवाली प्रभारी पीके मिश्रा ने बताया कि परिजनों के तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रतियोगिता में छत्र छत्राओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

अमन लेखनी समाचार





बांगरमऊ, उन्नाव।स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ० सविता राजन के नेतृत्व में समाजशास्त्र परिषद अंतर्गत व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र - छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय की प्रतीक्षा पाल प्रथम , सौरभ कुमार द्वितीय श, जितेंद्र कुमार तृतीय तथा रिमझिम तथा शगुन ने संयुक्त रूप से सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। पुरस्कारों की घोषणा आज का कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० दिग्विजय नारायण ने की।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मिशन शक्ति अभियान अंतर्गत महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं डॉ० सविता, डॉ० किरन तथा डॉ० सविता राजन द्वारा छात्र छात्राओं को गुड़ टच और बैठ टच की जानकारी दी गई। यदि कोई बैड टच करता है तो निसंकोच उसका विरोध करें।कार्यक्रम में रवि राज वर्मा वर्मा, सुनीता निरंकारी, डॉ० बृज किशोर गुप्ता, डॉ० अभिषेक कुमार, डॉ० शैलजा त्रिपाठी व कर्मचारियों में प्रेम कुमार गौतम, संदीप कुमार अवस्थी, बलराम, कन्हैया लाल, जितेंद्र कुमार, भी उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने थाने का किया वार्षिक निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।एसपी दीपक भूकर ने थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। जिसमे उन्होंने अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, महिला हेल्प डेस्क व पकम्प्यूटर कक्ष आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने थाने का वार्षिक निरीक्षण किया।जहां उन्होंने कार्यालय,सीसीटीएनएस कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रागार, अभिलेखगार,हवालात व साफ सफाई आदि का बारीकी से निरीक्षण किया।उन्होंने प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार को लंबित विवेचनाओं, क्राइम कंट्रोल व छोटी बड़ी शिकायतों में स्थलीय निरीक्षण कर समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक माया रॉय, उपनिरीक्षक विष्णुकांत, मनवीर, मनोज आदि पुलिस स्टॉप मौजूद रहा।

# 45 वी मंडलीय बेसिक क्रीड़ा बाल प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिले में 45वीं मंडलीय बेसिक क्रीड़ा बाल प्रतियोगिता का आयोजन पंडित दीन दयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में धूमधाम से शुरू हुआ। यह प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलने वाली है, जिसमें रायबरेली, लखनऊ, उन्नाव, लखीमपुर, सीतापुर और हरदोई के जिले भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में रेस, कब्बडी, खो-खो समेत कई अन्य खेलों में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया ।प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर उन्नाव के जिलाधिकारी (डीएम) गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रेम प्रकाश मीणा और बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी मैदान में पहुंचे।इन सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। डीएम गौरांग राठी ने गुब्बारे हवा में छोड़कर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई, जिसमें छात्राओं ने अपनी कला से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया ।डीएम गौरांग राठी ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं से संवाद किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ₹खेलों के माध्यम से न केवल शरीर का विकास होता है, बल्कि मानसिक विकास भी होता है। किताबी ज्ञान के साथ-साथ खेलों में रुचि रखना आपके संपूर्ण विकास में सहायक होता है। आप सभी को इस प्रतियोगिता में अपनी पूरी ऊर्जा और मेहनत के साथ भाग लेना चाहिए ।₹ उन्होंने यह भी कहा कि खेल मैदान पर दिए गए प्रदर्शन से जीवन के विभिन्न पहलुओं में सफलता प्राप्त की जा सकती है ।डीएम ने खिलाड़ियों से कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेकर वे सिर्फ अपने जिले का ही नाम नहीं रोशन कर रहे हैं, बल्कि अपनी आगामी चुनौतियों के लिए भी तैयार हो रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और आशा व्यक्त की कि वे अपनी मेहनत से अन्य प्रतिस्पर्धियों से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने भी बच्चों से बात की और उन्हें खेलों के महत्व के बारे में समझाया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल जीतने के लिए नहीं, बल्कि आपसी सहयोग, खेल भावना और अनुशासन सिखाने के लिए भी है।

# अवैध धारदार चाकू के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। गस्त के दौरान संदिग्ध युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया तलाशी दौरान अवैध धारदार चाकू हुआ बरामद युवक को भेजा जेल `कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस क्षेत्र में ग्रस्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को बेहटा गोपी जमुनाहार तिराहे के पास देखा युवक को पकड़ कर उससे पूछताछ व तलाशी ली तलाशी के दौरान अवैध धारदार चाकू बरामद हुई पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम गोरे उर्फ शिव सिंह पुत्र सूर्यपाल आयु 27 वर्ष निवासी जगदीशपुर बताया पुलिस ने युवक को अपनी कस्टडी में ले कर 4/25 आयुध अधिनियम की धारा के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कानपुर-लखनऊ हाईवे स्थित त्रिभुवन खेड़ा पुलिया के पास बाइक से उन्नाव काम से जा रहे सचेंडी के एक किसान को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लिया और उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया ।कानपुर जनपद के सचेंडी छोटा भैरोपुर निवासी विद्याशंकर त्रिवेदी का 30 वर्षीय बेटा छोटू त्रिवेदी घर से उन्नाव कुछ काम से जाने की बात कहकर बाइक से निकला था। इसके बाद वह कानपुर-लखनऊ हाईवे स्थित त्रिभुवन खेड़ा गांव के पास पहुंचा, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। सिर के ऊपर से पहिया निकलने के कारण उसका हेलमेट चकनाचूर हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई ।हादसा देख आसपास के लोग दौड़े और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर जाजमऊ चौकी इंचार्ज राहुल सिंह पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जांच पड़ताल की। उसके पास से मिले मोबाइल से परिजनों को मौत की सूचना दी। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भर पीएम के लिए भेजा। इस दौरान जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने जाम हटवाया। वहीं छोटू की मौत पर पिता विद्याशंकर त्रिवेदी, मां सुधा त्रिवेदी, पत्नी आकांक्षा व दो बेटे शिव और ओम का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। चौकी इंचार्ज राहुल ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पालिका में करोड़ों का बकाया हाउस टैक्स

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट नगर पालिका के हाउस टैक्स का करोड़ों रुपये का बकाया है, और पिछले सात महीनों में केवल 93 लाख 7 हजार रुपये की वसूली हो पाई है। यह आंकड़ा पालिका के राजस्व वसूली के लक्ष्य से काफी पीछे है, जिससे यह सवाल उठता है कि आखिर नगर पालिका का राजस्व क्यों नहीं बढ़ पा रहा है ।नगर पालिका प्रशासन के अनुसार हाउस टैक्स वसूली की स्थिति बिगड़ने का मुख्य कारण यह है कि कई पुराने टैक्स कलेक्टर सेवानिवृत्त हो चुके हैं और उनके स्थान पर कई सफाई नायकों को टैक्स कलेक्टर बना दिया गया है। इन नायकों को टैक्स वसूली का पर्याप्त अनुभव नहीं है, और वे इस काम को गंभीरता से नहीं ले पा रहे हैं, जिससे वसूली प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। नतीजतन, पालिका को करोड़ों रुपये का बकाया वसूली में परेशानी हो रही है ।नगर पालिका के 28 वार्डों में कुछ ही वार्ड ऐसे हैं, जिनसे हाउस टैक्स के माध्यम से पालिका को कुछ अधिक राजस्व मिल पाता है, लेकिन अधिकांश वार्डों में टैक्स वसूली का प्रतिशत कम है। खासकर राजधानी मार्ग पर बने मकानों और मॉल, गेस्टहाउसों पर टैक्स का बकाया अधिक है, जो कि नगर पालिका के लिए एक बड़ी चुनौती है। हालांकि, पालिका प्रशासन ने हाउस टैक्स को बढ़ा दिया है, लेकिन फिर भी वसूली में अपेक्षित सुधार नहीं दिखा।

सिर्फ सात महीने में 93 लाख रुपये की वसूली, वांछित लक्ष्य से काफी कम है। इसके पीछे एक कारण यह भी है कि जिम्मेदार टैक्स कलेक्टर न होने के कारण पालिका राजस्व वसूली के काम में पिछड़ गई है। यही कारण है कि पालिका को शासन से धन की आवश्यकता पड़ रही है, जबकि शासन ने अधिक से अधिक राजस्व वसूलने के निर्देश दिए थे ।नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी मानते हैं कि जल्द ही एक बैठक बुलाकर, बड़े बकायेदारों और उन वार्डों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिनमें हाउस टैक्स का संग्रह नहीं हो सका है ।पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने भी इस विषय में कहा कि जल्दी ही वसूली की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा और विकास कार्यों के लिए आवश्यक राजस्व जुटाया जाएगा ।जानकारों का कहना है कि पालिका की लापरवाही के कारण करीब 70 प्रतिशत ऐसे वार्ड हैं, जहां विकास कार्य और साफ-सफाई जैसी सुविधाओं का संचालन होता है, फिर भी वहां हाउस टैक्स नहीं लगाया गया है। यह स्थिति नगर पालिका के विकास कार्यों को और अधिक प्रभावित कर रही है ।कुछ प्रमुख बकायेदारों का हाउस टैक्स एक लाख रुपये से अधिक है, लेकिन पालिका प्रशासन ने अब तक कोई कठोर कार्यवाही नहीं की है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि पालिका वसूली के मामले में लापरवाह रही है। यदि यही स्थिति बनी रही, तो पालिका का राजस्व और भी कम हो सकता है और विकास कार्यों के लिए धन की कमी बनी रह सकती है।

# 15 फिट लंबा निकला अजगर, मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बाबा खेड़ा में एक 15 फीट लंबा अजगर सांप देखा गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। यह घटना नाखूनी मील के अंदर की है, जहां अजगर को देखा गया और आस-पास के गांवों के लोग इसे देखने के लिए इकट्ठा हो गए ।घटना के बारे में जानकारी देते हुए, पास के गांव दयाल खेड़ा के निवासी मोहित ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ क्रिकेट मैच खेल रहा था, तभी उसने अजगर को देखा। युवक ने तुरंत अपने दोस्तों और आसपास के लोगों को इस बारे में बताया, जिसके बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। अजगर के आकार और उसकी लंबाई को देखकर लोग डर गए और इसकी सूचना देने के लिए वन विभाग से संपर्क किया ।सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अजगर को पकड़ने की कार्रवाई शुरू की। स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद वन विभाग के कर्मचारियों ने अजगर को सुरक्षित रूप से पकड़ लिया। अजगर को पकड़ने में काफी समय और मेहनत लगी, क्योंकि उसकी लंबाई और आकार बहुत बड़ा था, जिससे उसे नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण था। वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़ा और उसे जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया ।स्थानीय लोगों ने इस घटना को लेकर राहत की सांस ली। वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि यह अजगर अपनी प्राकृतिक दायरे से बाहर आ गया था, और अब उसे सुरक्षित रूप से वापस जंगल में छोड़ दिया गया है, ताकि वह किसी को नुकसान न पहुंचा सके। यह घटना इलाके में वन्यजीवों की सुरक्षा और उनके संरक्षण की आवश्यकता को भी उजागर करती है। वन विभाग ने चेतावनी दी कि अगर कभी ऐसे वन्य जीव नजर आएं तो लोगों को तुरंत सूचना देनी चाहिए, ताकि उन्हें सुरक्षित रूप से पकड़कर उनके प्राकृतिक आवास में वापस छोड़ा जा सके।

# स्कूटी व चार पहिया वाहन के टक्कर में अधेड़ गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।चार पहिया वाहन व स्कूटी की आमने-सामने टक्कर होने से स्कूटी सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने चार पहिया वाहन अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की थाना बिहार के चौकी भगवंत नगर क्षेत्र के अंतर्गत बिहार से बक्सर मार्ग में ग्राम गोबरहा रोड पर अनियंत्रित तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में स्कूटी आ गई जिससे स्कूटी कई मीटर तक घिसलती चली गयी। स्कूटी में सवार जगतपाल पुत्र सत्यनारायण आयु लगभग 62 वर्ष निवासी ग्राम गोबरहा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि चार पहिया वाहन चालक अपने वाहन को भगाने की कोशिश की लेकिन उसी तरफ से आ रहे लोडर ने वाहन के सामने अपना वाहन खड़ा कर रोक लिया और पुलिस को सूचना दी पुलिस ने घायल जगतपाल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर भिजवाया जहा स्थिति गंभीर देखकर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में घायल की स्थिति ठीक न देखकर घर वालों ने घायल जगतपाल को कानपुर प्राइवेट अस्पताल ले गए जहां बृहस्पतिवार को भी समाचार पत्र लिखे जाने तक जगतपाल को होश नहीं आया। घर वालों ने बताया कि सर में अधिक चोट होने के कारण डॉक्टर ने स्थिति को चिंताजनक बताया हैजगतपाल बिजली विभाग में कर्मचारी थे जो कुछ माह पूर्व रिटायर हो गए थे

## अंडर-14 यू.पी.सी.ए फाइनल ट्रायल के लिए जिले के 11 खिलाडियों का हुआ चयन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पी के मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत दिनांक 3/12/2024 को लखनऊ में हुए अंडर-14 ट्रायल में जिला क्रिकेट एसोसिएशन उन्नाव द्वारा चयनित किए गए 19 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया था जिसमें 11 खिलाडियों का चयन फाइनल ट्रायल हेतु हुआ है। चयनित खिलाडियों में सुयश सिंह, मो.अल्तमश,देवांश, कृष्णा सोनी, प्रिंस यादव, अमित कुमार वर्मा, अंश राज मोहन, ओम शर्मा, शाश्वत जायसवाल, शौर्य, तथा आदित्य कठेरिया का नाम है। सभी चयनित खिलाडियों को जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष संजय राठी, उपाध्यक्ष राजेन्द्र त्रिपाठी, उपाध्यक्ष राज कुमार यज्ञसेनी, खेल सचिव नवीन सिन्हा, शंकर श्रीवास्तव, विकास सिन्हा, डॉ मनिता सिंह, मंजूलता अवस्थी, ओम मिश्रा आदि ने शुभकामनाएं दी।

## सम्पादकीय

# अफ्रीकी देशों में खाद्य असुरक्षा विश्व में सर्वाधिक स्तर पर

विश्व जब विनाशक प्रवृत्ति में लिप्त है, ठीक उसी समय बड़ी आबादी भूख का सामना कर रही है। रूस व यूक्रेन जंग जारी है, इजराइल कई मोर्चे पर लड़ रहा है, पश्चिम एशिया युद्ध, हिंसा और अराजकता से प्रभावित है, ताइवान पर चीन की तलवार लटकी है, बांगलादेश के बाद सीरिया में तख्तापलट हुई है, दक्षिण कोरिया में स्थिति तनावपूर्ण है, क्षेत्रीय संघर्ष, सीमा विवाद के कई मामले चल रहे हैं। लग रहा है दुनिया की बड़ी ताकतें युद्ध, उन्माद व डराने के खेल में अपनी ऊर्जा झोंक रही है, जबकि अफ्रीका में भूख की दर अस्वीकार्य स्तर पर है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक विश्व की एक तिहाई आबादी भूख व गरीबी से जूझ रही है। संयुक्त राष्ट्र की विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण स्थिति-2024 की रिपोर्ट से पता चलता है कि अफ्रीका में खाद्य असुरक्षा विश्व के किसी भी क्षेत्र की तुलना में सर्वाधिक है। अल्पपोषण की व्यापकता 20.4 प्रतिशत (लगभग 29.84 करोड़ अफ्रीकी) है जो वैश्विक औसत की दोगुनी है। वर्ष 2015 के बाद से यह आंकड़ा लगातार बढ़ा है। आज विश्व के अमीर व ताकतवर देशों के संसाधन अफ्रीका समेत लाचार व असहाय लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में लगने चाहिए थे, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो पा रहा है। गरीबी उन्मूलन का वैश्विक लक्ष्य साल दर साल दूर होता जा रहा है। दुनिया में आर्थिक असमानताएं बढ़ रही हैं, गरीबी में इजाफा हो रहा है, अमीर व गरीब के बीच खाई बढ़ रही है। सुरसा की भांति बढ़ रही आर्थिक असमानता को पाटने का प्रयास नहीं किया गया तो आने वाले वक्त में संघर्ष, हिंसा व युद्ध अधिक देखने को मिलेंगे। रूस व यूक्रेन ने खरबों डॉलर जंग में जाया किया, ये पैसे अगर भूख, गरीबी व बीमारी दूर करने में लगते तो मानव कल्याण होता। ठहर कर हमें सोचने की जरूरत है कि युद्ध, हिंसा और संघर्ष से हम क्या हासिल कर रहे हैं? किस तरह के विश्व का निर्माण कर रहे हैं? जलवायु परिवर्तन और युद्ध-संघर्ष के चलते खाद्यान्न संकट और बढ़ेगा। मध्य और पश्चिम अफ्रीका में खाद्यसुरक्षा की स्थिति बदतर हैं, यह एक क्षेत्र-व्यापी चुनौती है। अफ्रीकी महादेश में करीब 54 देश हैं और सवा अरब से अधिक आबादी है। इस महादेश के अधिकांश देश अल्पविकसित व गरीब हैं। यूरोप, अमेरिका, एशिया और ऑस्ट्रेलिया की तरह अफ्रीकी महादेश काफी पिछड़ा हुआ है, व्यापक स्तर पर खाद्यान्न संकट है। अफ्रीका को कृषि व खाद्यान्न उत्पादन पर अधिक ध्यान देना होगा, इसी के साथ भारत, अमेरिका, चीन, जापान, रूस, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन जैसे देशों को अफ्रीकी देशों को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मदद करनी चाहिए। भारत समेत कई देश मदद कर भी रहे हैं, पर अफ्रीकी देशों की जरूरत अधिक है। अधिक खाद्यान्न पैदा करने से खाद्य असुरक्षा का समाधान हो सकता है। खाद्य सुरक्षा के लिए खाद्य उत्पादन में बढ़ोतरी के साथ-साथ इसकी पहुंच, स्थिरता, उपयोग, टिकाऊपन और आपूर्ति व प्रबंधी एजेंसी आदि मोर्चे पर भी काम करना होगा। इन उपायों से कुपोषण कम करने में भी मदद मिलेगी। अब अफ्रीका की खाद्य सुरक्षा समस्याओं को दूर करने का एक अलग तरीका आजमाने का समय आ गया है। 'एग्रोइकोलॉजी' (प्रकृति के साथ खेती) में वैज्ञानिकों के औपचारिक शोध और खेतों में प्रयोग करने वाले किसानों के अनौपचारिक ज्ञान को शामिल किया जाता है। अफ्रीका के बिगड़ते खाद्यान्न संकट को दूर करने के लिए 'एग्रोइकोलॉजी' एक आशाजनक तरीका है। विश्व को गरीबी उन्मूलन और मानवीय विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।



तख्तापलट

राजेश जैन

राष्ट्रपति असद के सत्ता से हटने के साथ ही सीरिया में बसर परिवार के शासन का अंत हो गया। विशेषज्ञों ने दमिश्क पर कब्जे की तुलना अफगान सरकार के पतन से की है, क्योंकि यहां भी सेनाओं ने बिना किसी संघर्ष के आत्मसमर्पण कर दिया। पश्चिमी एशिया का करीब 3 .35 करोड़ आबादी वाला सीरिया, भू-राजनीतिक रूप से अहम देश माना जाता है। एचटीएस के नेता अल-जुलानी ने लोगों द्वारा चुने गए काउंसिल के आधार पर संस्थाओं द्वारा शासित एक सरकार बनाने की योजना के बारे में बात की है। उन्होंने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने का वादा किया है। लेकिन यह भी कहा है कि शासन इस्लामिक सिद्धांतों पर आधारित होगा।

# सीरिया में विद्रोहियों की राह नहीं आसान

सीरिया में तख्तापलट हो गया है। इसके साथ ही वहां असद परिवार का 53 साल से चला आ रहा शासन भी खत्म हो गया। राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर रूस भाग चुके हैं। विपक्षी लड़ाकों ने सत्ता अपने हाथों में ले ली है। लेकिन असलियत यह है कि सत्ता पर कब्जे के बाद भी विद्रोहियों के लिए देश चलाना आसान नहीं होगा। ऐसा क्यों है, ये जानने के लिए पहले विद्रोह की पूरी कहानी समझना होगी। सीरिया में बशर के पिता हाफिज अल-असद 1971 में सीरिया के राष्ट्रपति बने थे और अगले 29 साल तक देश के राष्ट्रपति रहे। साल 2000 में हाफिज की मौत के बाद बशर ने सीरिया की सत्ता संभाली। इसके बाद से बशर सीरिया के राष्ट्रपति थे।

पश्चिमी एशिया का करीब 3.35 करोड़ आबादी वाला सीरिया, भू-राजनीतिक रूप से अहम देश माना जाता है। इसकी सीमा इराक, तुर्किये, जॉर्डन, लेबनान व इजराइल जैसे देशों से लगती है। सीरिया पर नियंत्रण अहम व्यापार मार्गों, ऊर्जा गलियारों तक पहुंच प्रदान करता है और पूरे क्षेत्र में प्रभाव डालने के लिए एक आधार प्रदान करता है। जहां तक भारत का सवाल है-भारत व सीरिया के रिश्ते अच्छे रहे हैं। 2008 में बशर भारत का दौरा कर चुके हैं। हाल में दोनों मुल्क पावर और सोलर प्लांट प्रोजेक्ट पर साथ काम कर रहे हैं। 2022 में भारत ने इसके लिए 28 करोड़ डॉलर की मदद की घोषणा की थी। विद्रोह से इन प्रोजेक्ट पर असर होगा।

2011 में जब मिडिल ईस्ट में अरब क्रांति की शुरुआत हुई। तभी सीरिया में भी असद के खिलाफ प्रदर्शन शुरू हुए। इनको बेरहमी से कुचल दिया गया। इससे एक गृहयुद्ध शुरू हुआ, जिसमें 5 लाख से अधिक लोगों की जान गई और लाखों लोगों को विस्थापित होना पड़ा। करीब आठ साल तक सीरिया के गृहयुद्ध में मोर्चे स्थिर रहे, जहां असद की सरकार रूस और ईरान के समर्थन से देश के सबसे बड़े हिस्से पर राज कर रही थी, वहीं, विभिन्न विपक्षी समूह उत्तर और पश्चिम में क्षेत्रों पर नियंत्रण बनाए हुए थे। सीरिया पश्चिमी एशिया में रूस का सबसे भरोसेमंद पार्टनर है। इसलिए रूस बशर को हर तरह की सैन्य, आर्थिक व रणनीतिक मदद देता रहा है।

इन दिनों बदले हालात में रूस और ईरान दोनों ही अपनी-अपनी समस्याओं में उलझे हुए हैं। ईरान जहां इजरायल से लड़ाई में लगा हुआ है तो वहीं रूस भी यूक्रेन के साथ लंबे समय से युद्ध में व्यस्त हैं। इसके मद्देनजर सीरिया के हालात पर उनका ध्यान नहीं है और असद अकेले पड़ गए। इस बीच, सीरियाई विद्रोही गुट हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने 2020 की सीजफायर के बाद 27 नवंबर को सेना से फिर जंग छेड़ दी। एचटीएस नामक यह इस्लामिक समूह, पिछले पांच साल से इदलीब प्रांत पर शासन कर रहा था। शुरू में इसने 13 गांवों पर कब्जा कर लिया। इसके बाद एक दिसंबर को देश के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर अधिकार कर लिया। 4 दिन बाद विद्रोही गुटों ने एक और बड़े शहर हमा और फिर दक्षिणी शहर दारा पर कब्जा किया। दारा से ही 2011 में राष्ट्रपति बशर अल-असद के खिलाफ विद्रोह की शुरुआत हुई थी और पूरे देश में जंग छिड़ गई थी। दारा से राजधानी दमिश्क की दूरी करीब 100 किमी है। इसके बाद 8 दिसंबर को दारा शहर की तरफ से विद्रोही लड़ाके राजधानी दमिश्क में घुस गए और कब्जा जमा लिया।



विशेषज्ञों ने दमिश्क पर कब्जे की तुलना अफगान सरकार के पतन से की है, क्योंकि यहां भी सेनाओं ने बिना किसी संघर्ष के आत्मसमर्पण कर दिया। सीरिया पर बारीकी से नजर रखने वाले लोगों का कहना है कि जैसे ही एचटीएस के नेतृत्व वाले विद्रोहियों के समूह ने राजधानी में प्रवेश किया वैसे ही राष्ट्रपति असद देश से भाग निकले। इसके बाद व्यापक भ्रष्टाचार और लंबे समय से चल रहे गृहयुद्ध से थकान के कारण सेना ने भी घुटने टेक दिए।

सबसे बड़ा क्षेत्र सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एसडीएफ ) के पास है, जो अमेरिका द्वारा समर्थित है और जो पश्चिम और उत्तर-पश्चिम में कुर्दों द्वारा बसाए गए क्षेत्रों पर नियंत्रण रखता है। उत्तर में, जो तुर्की के साथ सीमा लगती है, वहां अंकारा द्वारा समर्थित सीरियाई राष्ट्रीय सेना एचटीएस द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों से भी बड़े क्षेत्र पर काबिज है। दमिश्क पर कब्जा करने के बाद, एचटीएस अब सीरिया में सबसे महत्वपूर्ण ताकत बन गई है और माना जा रहा है कि वह अब असद शासन द्वारा शासित क्षेत्रों पर नियंत्रण कर चुकी है। इनमें एकता आसान नहीं होगी क्योंकि सीरिया जैसे जटिल क्षेत्र में सशस्त्र समूहों के बीच नियंत्रण और प्रभाव के लिए लड़ाई चलती रहती है। दक्षिण में, स्थानीय मिलिशिया समूहों ने स्वेइदा और दारा पर नियंत्रण स्थापित किया है। सीरियाई राष्ट्रीय सेना ने एचटीएस के साथ इस हमले में भाग लिया था, लेकिन उनके बीच अतीत में मतभेद रहे हैं और उनके हित अब भी अलग हैं।

राष्ट्रपति असद के सत्ता से हटने के साथ ही सीरिया में बसर परिवार के शासन का अंत हो गया। सीरिया के प्रधानमंत्री घाजी अल-जाली ने कहा कि वह शांति से सत्ता हस्तांतरण के लिए विपक्षी समूहों के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं। लेकिन सीरिया के लोगों के लिए आगे क्या होगा, यह एक जटिल सवाल है। एचटीएस के नेता अल-जुलानी ने लोगों द्वारा चुने गए काउंसिल के आधार पर संस्थाओं द्वारा शासित एक सरकार बनाने की योजना के बारे में बात की है। उन्होंने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने का वादा किया है। लेकिन यह भी कहा है कि शासन इस्लामिक सिद्धांतों पर आधारित होगा। यह तय है कि एचटीएस दमिश्क में किसी भी राजनीतिक सत्ता में एक केंद्रीय भूमिका निभाएगा। लेकिन क्या एसडीएफ या तुर्की समर्थित सीरियाई राष्ट्रीय सेना एचटीएस-नेतृत्व वाले समूहों के साथ मिलकर एक सरकार बनाएगी, यह सवाल अब भी अनुत्तरित है। इन तीन गुटों के बीच गहरी दुश्मनी है। उदाहरण के लिए, सीरियाई राष्ट्रीय सेना के सदस्यों ने एचटीएस के अलेप्पो पर कब्जा करने के बाद एसडीएफ द्वारा क्षेत्रों में कई लोगों की हत्या की थी। वहीं, अमेरिका ने रविवार को सीरिया में आई एसआईएस के 75 से ज्यादा ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों के लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- सीरिया में शक्ति संतुलन बदल गया है। एसआईएस इसका फायदा उठाने की कोशिश में है लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। दूसरी ओर तथ्य यह है कि विद्रोही गुट में हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस ) और उसके सहयोगी संगठनों को अलकायदा का समर्थन हासिल है। सुन्नी गुट एचटीएस का नेतृत्व अबू मोहम्मद अल-जुलानी कर रहा है। जुलानी ने 2003 में इराक पर अमेरिकी हमले के बाद मेडिकल की पढ़ाई बीच में छोड़कर अल-कायदा ज्वाइन कर लिया था। वह अल कायदा में अबू मुसाब अल-जरकावी का करीबी रहा। 2006 में जरकावी की हत्या के बाद जुलानी को इराक में अमेरिकी सेना ने गिरफ्तार कर 5 साल जेल रखा था। इसके बाद वह इस्लामिक स्टेट के साथ जुड़ गया था। अमेरिका ने जुलानी पर साल 2017 में 84 करोड़ 67 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। अब यह देखना होगा कि विद्रोही गुट सीरिया में किस तरह की सरकार बनाती है, पर राह आसान नहीं होगी।

विशेष

उमेश कुमार मिश्र



# पीएम सूर्यघर से भारत में शून्य कार्बन उत्सर्जन मुहिम को गति

संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन का आयोजन नवंबर 2024 को अजरबैजान देश के बाकू नामक शहर में संपन्न हुआ। 'एक हरित दुनिया के लिए एकजुटता' और 'मिशन 1.5 डिग्री सेल्सियस' का लक्ष्य लेकर बाकू में हुआ सम्मेलन समाधान के बदले समस्याएं पैदा कर गया। इस सम्मेलन में विकसित और विकासशील देशों के बीच की खाई और बढ़ गई। जलवायु वित्त को लेकर भारत सहित तमाम विकासशील देशों की मांग थी कि यह राशि मौजूदा 4.42 लाख करोड़ रु. से बढ़ाकर 109 लाख करोड़ रु. हो लेकिन बाकू में हुआ यह कि पहले 21.07 लाख करोड़ रु. का लक्ष्य रखा गया जिसे कतिपय विवाद के बाद बढ़ाकर 25.28 लाख करोड़ रु. में समेट दिया गया। भारत सहित तमाम विकासशील देशों ने अपनी आपत्तियां दर्ज कराई हैं। लेकिन माना गया है कि कमजोर देशों को जिस पैमाने पर राहत की जरूरत थी वह मिलना अब बेहद मुश्किल हो गया है। जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की व्यापक योजना के तहत इस तरह के आयोजन काफी महत्वपूर्ण हो चले हैं। जिनके माध्यम से कार्बन क्रेडिट के लिए वित्त पोषण की व्यवस्था तय की जाती है। 'जलवायु वित्त' को लेकर विकसित देशों द्वारा स्व-स्फूर्त पहल करने में अरुचि रोड़ा बनती है तो विकासशील और तीसरी दुनिया के देशों की आर्थिक समस्याएं अपनी जगह पर है। इस पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल 'प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' पर ध्यान जाना स्वाभाविक है। इस योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 फरवरी 2024 को बहु-आयामी लक्ष्यों के साथ की थी। यह योजना अन्य प्रयासों के साथ ही जलवायु परिवर्तन के प्रयासों में सामान्य गृहस्थों को भी भागीदार बनाने की है। इस योजना की लागत 75,000 करोड़ रु. है। जलवायु वित्त के वैश्विक संकट की पृष्ठभूमि में श्री मोदी की यह पहल आशा जगाने वाली है। पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रत्यक्ष रूप से दिखने में पीएम सूर्यघर योजना वर्ष 2026-27 तक भारत के एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पॉवर प्लांट स्थापित करने को लेकर है लेकिन जैसे-जैसे आप इस योजना को गहराई से समझते चलते हैं वैसे-वैसे इसके गुणों की परतें खुलती चलती हैं। यह योजना एक किलोवॉट से लेकर तीन किलोवॉट तक के सोलर पॉवर प्लांट लगाने पर केन्द्रित है। एक से तीन किलोवॉट तक का सोलर प्लांट लगाने पर क्रमशः सब्सिडी 30,000 रु., 60,000 रु. और 78,000 रु. तक मिलने का प्रावधान है। पहला सवाल तो यही है कि क्या इस योजना का लाभ लेने के लिए आपको दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ेंगे तो इसका जवाब है, कदापि नहीं। आवेदन के लिए सबसे पहले आपको "पीएम सूर्यघर" के पोर्टल पर जाकर पंजीयन कराना पड़ेगा। यह आकलन है कि तीन किलोवॉट के सोलर पॉवर प्लांट में औसतन हर माह 300 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। यह बिजली आपको निःशुल्क मिलती है। और यदि किसी कारण से यह बिजली आपके घर में उपयोग न हो पाये तो राज्य वितरण कंपनी में इसके समायोजन की व्यवस्था भी है। ताकि उत्पादित बिजली का लाभ आपको हर हालत में मिले। भारत सरकार ने इस योजना के लिए बैंकों से 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की है। सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना, इसकी देखरेख और मरम्मत एक नये तरह का तकनीकी कार्य है जिसकी जरूरत लगातार पड़ने वाली है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के अवसर बन रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 लाख से अधिक युवाओं को नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। पीएम सूर्यघर योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए भारत का लक्ष्य एक करोड़ घर है तो छत्तीसगढ़ ने भी पांच लाख घरों के लिए भी कमर कस ली है। यह योजना घरों से लेकर समुदायों तक को लाभ पहुंचाने वाली है। योजना के तहत देश के प्रत्येक जिले में "आदर्श सौर गांव" विकसित किए जाएंगे, जो ग्रामीण क्षेत्रों में छत पर सौर ऊर्जा अपनाने के लिए एक आदर्श के रूप में कार्य करेंगे। शहरी स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं को अपने क्षेत्रों में रूफटॉप सौर (आरटीएस) प्रतिष्ठानों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। शहरी स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं को भी अपने क्षेत्रों में रूफटॉप सौर (आरटीएस) प्रतिष्ठानों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। पीएम सूर्यघर योजना के छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 138.70 मेगावॉट की जल विद्युत उत्पादन क्षमता है जिसमें बढ़ोतरी के लिए प्रदेश के 5 स्थानों पर 7,300 मेगावॉट क्षमता की पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजना स्थापित करने हेतु तैयारी की जा रही है। एन.एच.पी.सी. द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में स्थापित की जा रही जल विद्युत परियोजनाओं में से 2,205 मेगावॉट बिजली का क्रय छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज द्वारा किये जाने की सहमति दी गई है। छत्तीसगढ़ राज्य ने भारत की सबसे बड़ी 120 मेगावॉट क्षमता के बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्थापना का कीर्तिमान हासिल किया है।

# जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें




संकलित

दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

# धन कमाने के साथ भक्ति भी करें




संकलित

प्रेरणा

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दमघोंटू हवा के लिए जिम्मेदार कौन?

हमारा देश जो सारी दुनिया में प्रकृति प्रधान और शस्य श्यामला वसुंधरा के सौंदर्य से प्रसिद्ध है, उसकी छवि को हमने अपने स्वार्थ के लिए प्रदूषण बढ़ाकर खराब करने का काम किया है। माना कि सरकारों की गलत नीतियां प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन क्या हम खुद प्रदूषण से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए इसकी रोकथाम के लिए कुछ प्रयास नहीं कर सकते? अगर हमने स्वार्थी होकर पर्यावरण को संभालने के लिए अभी भी गंभीरता नहीं दिखाई और हवा में प्रदूषण फैलाने वाले गलत कामों पर पाबंदी नहीं लगाई तो वो दिन दूर नहीं है जब हमारा सांस लेना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो जाएगा। कुदरत ने तो हमें साफ-सुथरी हवा सांस लेने के लिए दी थी, लेकिन हमने अपने स्वार्थ के लिए इसमें जहर घोलकर इसे दमघोंटू बना लिया है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

*- गोविंद सोनी, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# अफ्रीका का बदतर होता खाद्यान्न संकट

अफ्रीका में भूख की दर अस्वीकार्य रूप से ऊंची है और यह बदतर होती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण स्थिति-2024 की रिपोर्ट से पता चलता है कि अफ्रीका में खाद्य असुरक्षा विश्व के किसी भी क्षेत्र की तुलना में सर्वाधिक है। अल्पपोषण की व्यापकता 20 .4 प्रतिशत (लगभग 29 .84 करोड़ अफ्रीकी) है जो वैश्विक औसत की दोगुनी है। वर्ष 2015 के बाद से यह आंकड़ा लगातार बढ़ा है। जलवायु परिवर्तन और संघर्ष भी इस समस्या के कारक हैं। लेकिन मेरी राय में इस चुनौती के मूल में कुछ और मौलिक बातें निहित हैं



## ऑफ बीट

# भविष्य के आहार में आयरन जैसे तत्वों की कमी होगी

आयरन की कमी दुनिया भर में पोषक तत्वों की कमी के सबसे आम रूपों में से एक है। जैसे-जैसे लोग वनस्पति आधारित आहार अपनाने पर विचार करेंगे, आयरन की कमी का खतरा बढ़ने की संभावना होगी। इससे पता चलता है कि अगर खाद्य उत्पादन और आपूर्ति के 'वैश्विक पैटर्न' नहीं बदले, तो 2040 तक आहार में आयरन की कमी हो सकती है। इसका मतलब है कि हमें अपने आहार में आयरन की कमी को दूर करना होगा। ब्रेड और अनाज जैसे सामान्य खाद्य पदार्थ सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ में पहले से ही अतिरिक्त पोषक तत्व हैं।




## ट्रेंड

### सोनिया गांधी को बधाई



श्रीमती सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई। मैं उनके दीर्घायु होने और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना करता हूं( सबसे लंबे समय तक कांग्रेस की अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी ने स्वास्थ्य कारणों के चलते पिछले कुछ वर्षों से सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली है। सोनिया सोमवार को 78 साल की हो गयीं। -नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भारत एआई क्रांति के लिए तैयार



भारत न केवल सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि एक जीवंत डिजिटल अर्थव्यवस्था भी है जो नवाचार एवं समावेशिता के लिए नए मानक स्थापित कर रही है। भारत परिवर्तनकारी एआई क्रांति के लिए तैयार है। -जितिन प्रसाद, केंद्रीय मंत्री

### अर्जुन जी शुभकामनाएं



अल्लू अर्जुन जी.. आपके शब्दों से बहुत अभिभूत हूं.. हम सभी आपके काम और प्रतिभा के बहुत बड़े प्रशंसक हैं.. आप हम सभी को प्रेरित करते रहें.. आपकी निरंतर सफलता के लिए मेरी प्रार्थनाएं और शुभकामनाएं।

-अमिताभ बच्चन, अभिनेता

### राम की भूमिका मेरा सपना



मैं उस कहानी का हिस्सा बन राम की भूमिका निभाकर बहुत खुश हूं। यह मेरा एक सपना है। यह एक ऐसी फिल्म है जिसमें सब कुछ है। यह सिखाती है कि भारतीय संस्कृति क्या है - परिवार और पति-पत्नी का रिश्ता। मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। -रणबीर कपूर, अभिनेता

## संक्षेप

### अमरोहा में तालाब में उतराता मिला शव

**घर वाले रात भर करते रहे तलाश, भाई को छोड़कर बाइक से लौट रहा था घर**

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति का शव आज सुबह तालाब में उतराता मिला। ग्रामीणों को उसकी बाइक भी तालाब के किनारे पड़ी मिली, जिससे आशंका जताई जा रही है कि बीती रात बाइक अनियंत्रित होने से अधेड़ तालाब में जा गिरा, जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को ग्रामीणों की मदद से तालाब से निकलवाया। डिडौली थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर माफी निवासी चंद्रपाल (55) पुत्र जगत सिंह सोमवार शाम अपने बड़े भाई भूप सिंह को छोड़ने उनके गांव भीखनपुर मुंडा गए थे। उन्हें छोड़कर रात करीब साढ़े सात बजे वह वापस आ रहे थे। लेकिन रात भर घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चला। सुबह 7:30 बजे गांव भीखनपुर मुंडा के लोग जब उधर से गुजरे तो उन्होंने सड़क किनारे तालाब में शव उतराता देखा। पुलिस को मामले की जानकारी दी। उधर शव मिलने की सूचना पर भारी भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। डिडौली थाना प्रभारी हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हापुड़ में लोहे की प्लेट लगने से युवक की मौत

**निर्माणधीन पानी टंकी पर कर रहा था काम, जांच में जुटी पुलिस**

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, हापुड़ के बहादुरगढ़ इलाके थाना में गांव बढ़ का नंगला में निर्माणधीन टंकी पर काम करते समय सिर में चोट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार गांव बढ़ का नंगला में एक पानी की टंकी का निर्माण चल रहा है। इसी दौरान वहां कुछ मजदूर काम कर रहे थे। इसी बीच एक मजदूर का पैर फिसला तो लोहे की प्लेट जमीन पर काम कर रहे एक अन्य मजदूर छविराम निवासी जिला शाहजहांपुर के सिर में आकर लग गई। इसके बाद छविराम लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। जिसे आनन-फानन में हापुड़ के एक निजी अस्पताल में लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना मिलने ही परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी अरविंद चौधरी ने बताया कि सिर में चोट लगने से मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर आने पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# विद्यालय, पंचायत भवन व आंगनबाड़ी केन्द्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

**शिक्षा व एमडीएम की गुणवत्ता का लिया जायजा**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पुस्तक एवं ड्रेस वितरण, स्कूल भवन सहित शौचालयों व परिसर की साफ-सफाई इत्यादि का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड रिसिया अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय भौखारा तथा विद्यालय परिसर में स्थित पंचायत भवन व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्राथमिक विद्यालय भौखारा में शिक्षा मित्र अजरा बानों की अनुपस्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित का स्पष्टीकरण करने के साथ-साथ बेतन बाधित करने के निर्देश दिये। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का जायजा लेने पर दाल पतली पाये जाने पर डीएम ने निर्देश दिया कि निर्धारित मीनू व मानक के अनुसार बच्चों को भोजन परोसा जाय।

पंचायत भवन भौखारा के निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव व पंचायत सहायक अनुपस्थित पाये गये। डीएम ने सम्बन्धित को कारण बताओ नोटिस निर्गत किये जाने के निर्देश दिये। आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए मौके पर मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका से बच्चों की संख्या इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्राथमिक विद्यालय भौखारा के निरीक्षण के उपरान्त डीएम ने प्राथमिक विद्यालय बेगमपुर, उ.प्रा. विद्यालय भवनियापुर मटेरा व प्राथमिक विद्यालय दुगार्पुरवा का निरीक्षण कर शिक्षण स्टाफ व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षा व एमडीएम की गुणवत्ता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्राथमिक विद्यालय बेगमपुर के निरीक्षण के दौरान डीएम ने कक्षा 05 की छात्रा से कापी पर इंग्लिश में यैलो लिखवा कर देखा। छात्रा द्वारा यैलो न लिख पाने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए शिक्षण स्टाफ को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने बच्चों से एमडीएम की गुणवत्ता व फल वितरण के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। बच्चों द्वारा बताया गया कि एमडीएम में सब्जी व चावल परोसा गया है। फल वितरण के सम्बन्ध में बच्चों ने बताया कि सोमवार को केला मिला था। इसी प्रकार डीएम ने उ.प्रा.वि. भवनियापुर मटेरा व प्रा.वि. दुगार्पुरवा का निरीक्षण कर अन्य जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

विद्यालयों के निरीक्षण के छात्रों की उपस्थिति मानक से कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दूरभाष पर निर्देश दिया कि विद्यालयों का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं की उपस्थिति तथा एमडीएम मानक के अनुसार सुनिश्चित करायें। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान डीएम ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# नेपाली मूल की युवती को तस्करी होने से बचाया

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। समय लगभग 5:50 बजे विश्वसनीय सूत्रों द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर नेपाल से भारत की ओर लाने वाला है। इस सूचना के आधार पर राज रंजन, कार्यवाहक कमांडेंट 42वीं वाहिनी एसएसबी, बहराइच-क के सतत पर्यवेक्षण एवं दिलीप कुमार, उप कमांडेंट (प्रचालन) के निर्देशन में रूपईडिहा चेक पोस्ट पर तैनात नियमित चेकिंग और फ्रिस्किंग ड्यूटी टीम को अलर्ट कर दिया गया जो कि आने जाने वाले सभी व्यक्तियों पर विशेष नजर लगाये हुए थे, कि समय लगभग 5:55 बजे एक व्यक्ति अपने साथ में एक लड़की को लेकर रूपईडिहा चेक पोस्ट पर पहुंचा तो बॉर्डर इनट्रैक्शन टीम (इकळ) द्वारा रोका गया एवं पुछा गया की आप कहाँ से आ रहे है और कहाँ जायेंगे। तब उस व्यक्ति ने अपना नाम नर दमाई पिता पदम दमाई उम्र 51वर्ष पता गाँव पालिका विनायक वार्ड संख्या 03 जनपद अछाम राष्ट्र नेपाल बताया। लड़की से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मनीषा बिका पिता गगन बिका उम्र 17 वर्ष पता बाब्या चौर बार्ड संख्या 04 जनपद - सुर्खेत राष्ट्र नेपाल बताया। उक्त पुरुष से लड़की के बारे में पूछने पर नर दमाई नेपाली ने बताया कि वह उस लड़की को रुपैडिहा लेकर जा रहा है, रुपईडिहा में उसका सामान रह गया है जिसको लेने के लिए वापस रुपैडिहा मार्केट भारत नेपाल इकळ मार्ग से ले जा रहा हूँ। गहनता से पूछताछ करने पर नर दमाई ने बताया कि इस लड़की को डांस बार में काम दिलाने के लालच से मुंबई ले जा रहा हूँ। इस विषय में लड़की से पूछा गया तो उसने बताया कि मै इनके साथ मुंबई जा रही हू वहाँ पर मेरे मम्मी पापा रहते है, फिर से पूछने पर लड़की ने बताया कि माता-पिता अलग -अलग रहते है। लड़की ने फोन पर एक महिला से बात कराया तो संतोषजनक जबाव नही मिला। लड़की के पास कोई पहचान पत्र नही पाया गया है और जिस महिला से फोन पर बात की गयी उस महिला के पास भी कोई पहचान पत्र नही पाया गया। उक्त मामला मानव तस्करी का प्रतीत होने के कारण उक्त पुरुष को नेपाल पुलिस और नाबालिग लड़की को नेपाल पुलिस की उपस्थिति में नेपाल ठऋड (आशीष सामजिक सेवा नेपाल) के सुपुर्द कर दिया गया।

## ब्लाक प्रमुख ने किया पुनर्निर्मित भवनों का लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। ब्लाक संसाधन केंद्र कुण्डासर में खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र चौधरी के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों और स्थानीय निकाय सदस्यों के लिए ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मोहम्मद रफीक सिद्दीकी ने किया।कार्यक्रम का उद्घाटन और पुनर्निर्मित भवनों का लोकार्पण मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन और विशिष्ट अतिथि वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा ने किया। संगोष्ठी का उद्देश्य ग्राम स्तर पर शासन और विकास कार्यों में ग्राम प्रधानों और निकाय सदस्यों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना था।संगोष्ठी में शिक्षा सुधार, स्थानीय शासन, सामुदायिक विकास और सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बेसिक शिक्षा विभाग की डीबीटी योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए यूनिफॉर्म और अन्य आवश्यक सामग्री खरीदने की प्रक्रिया को जागरूक करने हेतु छात्र-छात्राओं ने नाटक के माध्यम से प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त, सरकारी योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी भी प्रदान की गई।खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी ने संगोष्ठी में आपरेशन कायाकल्प सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की और ग्राम प्रधानों को उनकी भूमिकाओं को प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामुदायिक विकास और प्रशासन को मजबूत करने में सहायक हैं एआरपी महेंद्र चौधरी ने विद्यालय प्रबंध समिति के गठन और कार्य पर, कृपाशंकर दुबे ने आउट ऑफ स्कूल , सुनील कुमार सोनी ने डीबीटी योजना, अरविंद शर्मा ने बालिका शिक्षा , और अरविंद शुक्ला ने निपुण भारत मिशन पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में अमित कुमार अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय सिंह, वेदप्रकाश सिंह, बाबूलाल, रामनरेश, श्याम सिंह वर्मा, रामू सिंह, राहुल गुप्ता, मनोज सिंह ,अनिल सिंह, रामगोपाल वर्मा, प्रिंस सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्राम पंचायतों के प्रधान, स्थानीय निकाय सदस्य और शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने सामुदायिक विकास और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार किया।

# रूपईडीहा आईसीपी में मेंटल हेल्थ पर लोगों को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। भारत नेपाल सीमा के रूपईडीहा स्थित इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट पर इंचार्ज सुधीर शर्मा द्वारा मेटल हेल्थ मैटर पर एक सेमिनार आयोजित किया गया।इस सेमिनार में लखनऊ से आई डॉक्टर प्रियंका सक्सेना ने मानसिक स्वास्थ्य पर बोलते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में 35 प्रतिशत महिलाएं लिंग आधारित हिंसा का शिकार हो रही है। पिछले वर्ष के आंकड़े के मुताबिक प्रदेश में प्रत्येक 100 बच्चियों में 5 बच्चियां बलात्कार की शिकार हो रही है। ये आंकड़े२ सरकारी आंकड़े है।उन्होंने कहा कि इस परिस्थिति से बचने के लिए हमें लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। हमारे पास बहुत से संसाधन है लेकिन उन संसाधनों तक आम लोगों की पहुंच नहीं हो पा रही है ये हमारा कर्तव्य है कि हम उन संसाधनों तक लोगो को पहुंचाए।

इसके बाद लखनऊ की मशहूर मेंटल एक्सपर्ट तथा काउंसलर डॉक्टर स्वर्णिमा सिंह ने मेंटल हेल्थ पर आधारित सेमिनार पर बोलते हुए कहा कि हमारे जीवन में हमारे दिमाग का स्वास्थ्य होना अति आवश्यक है अगर आप मानसिक स्वास्थ्य है तो आप अपने फीलिंग्स को अपने कंट्रोल में रखते है अगर आप अपने भावना को कंट्रोल में नहीं रख पाते तो आप दिमागी स्वास्थ्य नहीं है।स्वास्थ्य दिमाग उसी का है जो अपनी भावना को अपने कंट्रोल में रखता है।आप का ब्यौहार समाज पर भी बहुत असर डालता है आपका अच्छा ब्यौहार आप के चारों तरफ अच्छी वातावरण सृजित करता है। इस सेमिनार को रूपईडीहा के शिक्षक अवधेश गुप्ता, भाजपा नेता रतन अग्रवाल, कस्टम अधीक्षक ने भी संबोधित किया।

इस कार्यक्रम में इमिग्रेशन इंस्पेक्टर नेपाल कृष्णा शर्मा, खाद्य आयात निर्यात गुण स्तर प्रमाणीकरण कार्यालय प्रमुख संतोष दाहाल, माइति नेपाल की रीना सिंह, नेपाल इंटर मॉडल यातायात विकास समिति कार्यालय प्रमुख करुणा चौधरी,पशु क्वारंटाइन नेपाल कार्यालय प्रमुख विजय कुमार चौधरी, रूपईडीहा कस्टम, नेपाल कस्टम, रूपईडीहा आई सी पी के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। आई सी पी इंचार्ज सुधीर शर्मा ने आए हुए प्रमुख अतिथियों,पत्रकारों,अधिकारियों एवं समाजसेवियों को शील्ड देकर सम्मानित किया।

# महिला जन सुनवाई का किया जाएगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

**महिला जन सुनवाई**

उन्नाव। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि कल दिनांक 13 दिसम्बर को एकता सिंह, मा0 सदस्य, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में प्रातः 11:00 बजे से निरीक्षण भवन (पी0डब्ल्यू0डी0 गेस्ट हाउस), उन्नाव में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया है।उक्त जनसुनवाई में सदस्य महोदया द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से जनपद के उच्चाधिकारियों (प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग) साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई की जायेगी, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओ एवं बच्चो के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ से जनसाधारण को जागरूक किया जायेगा। तदोपरान्त महिला उत्पीड़न के मामलों की जनसुनवाई की जायेगी, जिसमें जनपद की महिलाएं घरेलू हिंसा एवं उत्पीड़न आदि विभिन्न समस्याओं से सम्बन्धी प्रार्थना पत्र सदस्या को सौंपकर अपनी समस्याओं के बारे में व्यापक रूप से विचार-विमर्श कर सकती हैं।

# नीलगाय की टक्कर से युवक की मौत

**4 दिन पहले सऊदी अरब से आया था, 5 दिन बाद आनी है बहन की बारात**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में बहन की शादी में शामिल होने के लिए आए एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई है। वहीं युवक का साथी बाल-बाल बच गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना बल्दीराय थानाक्षेत्र के लक्ष्मीनगर रसूलपुर की है। बल्दीराय थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर काजी निवासी जियाउद्दीन का 23 वर्षीय पुत्र जैनुल आबेदीन सऊदी अरब में रहकर नौकरी करता है। चार दिन पूर्व वो घर वापस लौटा है। उसकी इकलौती बहन की पांच दिनों बाद (15 दिसम्बर) बारात आना है। यहां आने के बाद वो बहन की शादी की तैयारियों में जुटा हुआ था। घर पर शादी को लेकर काफी धूम थी। लेकिन नियति को शायद कुछ और ही मंजूर था। दरअसल हुआ ये कि मंगलवार शाम जैनुल आबेदीन अपने दोस्त सादिक अली के साथ बाइक से सामान लेने बाजार जा रहा था। दोनों जब हलियापुर-सुल्तानपुर मार्ग पर बल्दीराय थाना अंतर्गत लक्ष्मी नगर रसूलपुर के पास पहुंचे, तभी एक नीलगाय तेजी से सड़क पर आ गया। जिससे बाइक चला रहा जैनुल आबेदीन उससे टकराकर सड़क पर जा गिरी। युवक जैनुल आबेदीन सिर के बल गिरा, उसने हेलमेट नहीं लगाया था। ऐसे में काफी खून बह गया। वहीं घटना को लेकर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। पुलिस भी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची। जहां से उसे एक प्राइवेट डॉक्टर के पास ले जाया गया। लेकिन डॉक्टर ने हाथ लगाने से इंकार किया तो लोग उसे लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे ब्रॉड डेड घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पिता जियाउद्दीन भी मौके पर पहुंचे।

# अमेठी में युवक की गला काटकर हत्या

**देर रात बारात में शामिल होने गया था, सुबह अपने ही खेत में मिला शव**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में हत्या की बड़ी वारदात सामने आई, जहां देर रात गांव में ही आई एक बारात में शामिल होने गए युवक की गला काटकर हत्या कर दी गई। हत्यारों ने युवक का शव उसके खेत में ही फेंक दिया। देर रात से युवक को तलाश रहे परिजन जब खेत की तरफ पहुंचे तो उसका खून से लथपथ शव मिला, जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। पूरा मामला जामो थाना क्षेत्र के जोरावरपुर मठिया गांव का है, जहां का रहने वाला संजीव मिश्रा (27) देर रात गांव में ही आई एक बारात में शामिल होने गया था। युवक जब घर नहीं लौटा तो परिजन उसकी तलाश में जुट गए, लेकिन उसका कहीं पता ना चला। परिजन आज सुबह युवक को खोजते हुए खेतों की तरफ पहुंचे तो खेत के बीच में युवक का शव पड़ा था, जिसका गला कटा हुआ था। युवक के मौत की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। जामो पुलिस मौके पर पहुंची और विधिक कार्रवाई करने के साथ ही मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि हत्यारों ने हत्या किसी और जगह पर की और शव को लाकर उसी के खेत में फेंक दिया। पूरे मामले पर जामो एसएचओ विनोद सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की तरफ से एक व्यक्ति से विवाद होने की जानकारी दी गई है। हर एंगल से जांच की जा रही है। मृतक के पिता रजनीश मिश्र के कहा कि 5 दिन पहले उनके बेटे का एक व्यक्ति से विवाद हुआ था और उसी ने बेटे की हत्या की है।

# साहिल हत्याकांड के 2 आरोपी गिरफ्तार

**गुस्से में की दोस्त की हत्या,कत्ल में इस्तेमाल हुआ सामान भी बरामद**

अमन लेखनी समाचार



गढ़मुक्तेश्वर, गढ़मुक्तेश्वर के थाना क्षेत्र के गांव बक्सर से तीन दिन पहले लापता हुए 22 साल के साहिल का शव गांव के पास पड़ोसी गांव के जंगल में गन्ने के खेत में पड़ा हुआ मिला था। जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए साहिल की हत्या के आरोप में 2 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में विधिक कार्यवाही के लिए भेज दिया है। सीओ गढ वरुण मिश्रा ने बताया कि-थाना सिंभावली पुलिस द्वारा बक्सर के रहने वाले मृतक साहिल हत्याकांड के आरोपी को पुलिस ने बहुत ही कम समय में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए 2 अभियुक्तों के गिरफ्तार होने की सूचना दी है। सिंभावली पुलिस ने अभियुक्तों से उनकी निशान देही पर कत्ल में इस्तेमाल डंडो के टुकड़े, मृतक साहिल का मोबाइल और उसकी चप्पल बरामद कर ली है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि- हम आपस में दोस्त थे लेकिन 7 तारीख को शराब पीने के दौरान साहिल गाली गलौज करने लगा जिसको लेकर मुझे गुस्सा आ गया और मैंने उसको गन्ने के खेत में ले जाकर डंडे से पीट-पीट कर मार डाला और उसके बाद हम लोग फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि- मृतक साहिल के भाई चांद ने गांव के ही रहने वाले चिराग और दानिश अली के खिलाफ,साहिल के साथ किसी अनहोनी को लेकर आशंका जाहिर करते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तहरीर में मृतक के भाई ने कहा था कि- साहिल का कोई सुराग नहीं मिल रहा और उसका फोन भी बंद आ रहा है। रविवार की शाम को दुबारा परिजनों ने चिराग और दानिश पर साहिल के साथ किसी अनहोनी को लेकर आशंका जाहिर की थी। पुलिस ने मृतक साहिल के भाई की तहरीर पर दोनों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

# बांदा एसपी ने चलाया सघन बैंक चेकिंग अभियान

**बैंक परिसर, एटीएम के आसपास की गई संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग**

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा बैंकों और उसके आसपास के क्षेत्रों से होने वाली घटनाओं-लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी को नियंत्रित करने के लिए जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एटीएम, बैंक शाखाओं को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान एटीएम, बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों, सीसीटीवी, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया। 24 घण्टे सीसीटीवी को चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस द्वारा बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों से वार्ता कर उन्हें बैंक का कार्य सुचारू रुप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस द्वारा बैंक सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो। ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# पिता ने मासूम बेटे को पिलाई शराब

**पत्नी के विरोध करने पर मारपीट कर घर से निकाला**

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, हापुड़ के सिटी कोतवाली इलाके में मोहल्ला चमरी में एक मासूम बच्चे को उसका ही पिता द्वारा शराब पिलाने का मामला सामने आया है। इसका विरोध जब बच्चे की मां ने किया। तो पिता ने मां को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पति की मार-पिटाई से डरी सहमी मां ने इसकी शिकायत कोतवाली पुलिस से की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बेटे को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी। जानकारी के अनुसार मोहल्ला चमरी में रहने वाली एक महिला ने कोतवाली पुलिस को शिकायत दी। बताया कि उसका पति रिक्शा चलाता है। शाम को घर पर आया और वह शराब पीने लगा। इसी दौरान उसके पति ने उसके तीन वर्षीय बेटे को भी शराब पिलाने की कोशिश की। इसका विरोध जब उसने किया, तो उसने पीड़िता के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। साथ ही मारपीट करते हुए उसे घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद महिला अपने मायके पहुंची। पीड़िता कोतवाली पहुंचकर इसकी शिकायत पुलिस से की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने उसके बेटे को मां के सुपुर्द कर दिया। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि मामूली कहासुनी के बीच पति-पत्नी में विवाद हुआ था। पीड़िता की शिकायत की जांच पड़ताल की जा रही है।

## संक्षेप

### मेरठ में हापुड़-किठौर मार्ग पर स्कूल बस पलटी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के खरखौदा थाना क्षेत्र स्थित हापुड़-किठौर मार्ग पर मंगलवार को बड़ा हादसा होने से बच गया। जहां करीब 15 छात्राओं को स्कूल ले जा रही एक बस पेड़ से टकराकर गड्ढे में पलट गई। हादसे में बस का चालक गंभीर रूप घायल हो गया। हादसे में कुछ छात्राओं को भी मामूली चोटें आईं हैं, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को एक निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया। वहीं छात्राओं को मामूली उपचार देकर उनके घर भेज दिया गया है। मंगलवार को हापुड़-मोदीनगर रोड स्तिथ ब्रह्मा देवी बालिका विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्कूल बस गांव अतराडा से 15 छात्राओं को लेकर स्कूल जा रही थी। बस हापुड़-किठौर मार्ग पर पेड़ से टकराकर गड्ढे में पलट गई। हादसे में बस का चालक गोपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं हादसे में कुछ छात्राओं को भी मामूली चोट आईं हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बस चालक को निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया और छात्राओं को मामूली उपचार के बाद उनके घर भेज दिया गया। खरखौदा थाना पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। थाना पुलिस का कहना है कि बस के चालक से जानकारी मिली है कि हादसा एक मोड़ के निकट बस के अनियंत्रित होने के कारण हुआ है।

### शिकारपुर में स्कूल पढ़ने गए चार नाबालिग छात्र लापता

अमन लेखनी समाचार

शिकारपुर, बुलंदशहर के शिकारपुर के थाना छतारी क्षेत्र में सोमवार को चार बच्चों के अचानक गायब होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सभी बच्चे सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने बच्चों की काफी तलाश की, लेकिन जब कुछ पता नहीं चला, तो पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। छतारी क्षेत्र के गांव कमौना निवासी विजय राघव ने थाने में शिकायत दी है कि उनका 14 वर्षीय बेटा दीपक राघव सोमवार सुबह नौ बजे घर से स्कूल जाने के लिए निकला था। शाम तीन बजे तक वह घर नहीं लौटा। अन्य परिजनों से पूछताछ करने पर पता चला कि गांव के तीन अन्य बच्चे भी गायब है, जिनमें 15 वर्षीय अरसान (पुत्र जावेद खां), 14 वर्षीय आयुष राघव (पुत्र राहुल कुमार राघव), और 17 वर्षीय देवराज सिंह राघव (पुत्र अजय कुमार राघव) भी सुबह स्कूल गए थे, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटे। आयुष और देवराज के पास मोबाइल फोन थे, लेकिन दोनों के नंबर बंद आ रहे हैं। परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। बच्चों की खोजबीन में परिजन ने गांव के अन्य लोगों से भी मदद मांगी, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिला। थाना छतारी के प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस बच्चों की तलाश में जुट गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही चारों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

## मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को जागरूक किया गया

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे ह्लमिशन शक्ति फेज- 5ह्व के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के निर्देशन में एवं पुलिस अधीक्षक अपराध के मार्गदर्शन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/ कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिग करस्पाण्डेण्ट सखी, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/ पैनिक बटन झ मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन 181,साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पम्पलेट बांटकर जागरूक किया गया । थाना एएचटी द्वारा खोराबार, एम्स, रामगढ़ताल, वीपार्क, मोहद्दीपुर, रेलवे स्टेशन, गोलघर आदि विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को पुलिस विभाग सम्बन्धित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जागरूक किया गया तथा बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, बाल विवाह के सम्बन्ध में जागरूक किया गया व सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी गयी।

## फि ल्म अभिनेता सी पी भट्ट ने निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन कराया

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र स्थित के ग्राम सभा पुण्डा में अंधता निवारण अभियान के तहत राज आई हास्पिटल गोरखपुर के सौजन्य से निशुल्क नेत्र जांच लगवाया। फि ल्मों के मशहूर फि ल्म अभिनेता एवं जनसेवक सी पी भट्ट उर्फ.ढेला बाबा ने दिनांक १२ दिसंबर को अपने ग्राम सभा पुण्डा में अंधता निवारण अभियान के तहत राज आई जिसमे दूर दूर से सैकड़ो नेत्र रोगी महिला पुरुष बच्चे आए ,कई दर्जन लोगो का मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाना है ।मुख्य अतिथि-शशि प्रताप सिंह (ब्लाक प्रमुख पाली ) थे। आर्थिक अभाव में बहुत से लोग अपने आँखो को खो देते है,ऐसे लोगो के लिए सी पी भट्ट विगत कई वर्षो से मेडिकल कैम्प का आयोजन करते रहते है,सहजनवां विधान सभा में एक सेवक बन के जनता के मध्य हमेशा सहयोग में बने रहते है,सी पी भट्ट ने कहा कि हम नेता नहीं सेवक है सदैव जनता की सेवा करना हमारा परम कर्तव्य है शीघ्र कई अन्य बीमारियों के उपचार के लिए कैम्प करायेंगे। इसके आयोजक-सी पी भट्ट, संयोजक- मनोज मौर्या प्रधान प्रतिनिधि, प्रबंधक-विकास भट्ट (अध्यापक/ समाज सेवी) विशिष्ट अतिथि- किरन भट्ट (अध्यक्ष सहयोग वेफेयर सोसायटी) सहयोगी- संजय भट्ट (एम आर)ज्ञान भट्ट,रंजित भट्ट काका, राम प्रवेश भट्ट,इंजीनियर अभिनय भट्ट, बलराम भट्ट,अखिलेश भट्टहॉस्पिटल के परीक्षण कर्ता राज रतन राव, हारून जी,ऋषि मौर्या,अरुण सहानी,शमशाद अंसारी आदि मौजूद रहे।

## पैथालॉजी और अल्ट्रासाउंड संचालक का खेल, रजिस्ट्रेशन एक संचालन हो रहा तीन

### एक ही नाम से है रजिस्ट्रेशन संचालन उसी से हो रहा तीन स्थान पर

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र में पैथालॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटरों की भरमार है। जिसके द्वारा मरीजों से खुलेआम लूटने का कार्य कर रहे। वही स्वास्थ्य विभाग गूंगा बना हुआ। पैथालॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटरों के संचालक ने भी खूब खेल रहे है। देखा गया कि एक पैथालॉजी और अल्ट्रासाउंड के संचालक ने खूब खेल रहा है। उसके नाम से एक स्थान पर पैथालॉजी सेंटर चलाने का रजिस्ट्रेशन स्वास्थ्य विभाग ने दिया है। लेकिन उसी नाम से सहजनवां और घघसरा बाजार में दो स्थान पर पैथालॉजी सेंटर का संचालन किया जा था है। इन सेंटरों के संचालक द्वारा मरीजों से जमकर शोषण किया जा रहा है। वही देखा जाय स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे अवैध कमाई करने वाले संचालकों को खुली छूट दे रही है। फिलहाल एक रजिस्ट्रेशन पर तीन स्थानों पर पैथालॉजी और अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाने वाले संचालक मालामाल हो रहे है। इन पर स्वास्थ्य विभाग की नजर कब पड़ती है। या स्वास्थ्य विभाग और संचालकों में कुछ झालमाल है। कारवाई का इंतजार है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी सहजनवा ने कहा कि मामला संज्ञान में है। जांच करा कर कारवाई की जायेगी।

## श्रीमद्भागवत के रसपान से मनुष्य जन्म जन्मांतर के पापोस मुक्त हो जाता - राघवाचार्य

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेनुहारी शुक्ल में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के छठे दिन जगतगुरु स्वामी राघवाचार्य महाराज ने व्यास पीठ से भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि श्रीमदभागवत कथा सभी वेदों का सार है ।इसके रसपान से मनुष्य जन्म जन्मांतर के पापों से मुक्त हो जाता है ।साथ कथा के रसपान से शुभ कार्य करवाने या करने के पीछे का उद्देश्य परम लक्ष्य की प्राप्ति होती है ।कथा स्थल पर प्रवेश करते ही सांसारिक दुःख कष्ट अपने कट जाते है ।कलयुग में प्रभु का नाम अस्मरण से मनुष्य भवसागर से पार उतरने का आधार है ।कथा व सत्संग से मनुष्य भगवान के चरणों तक पहुंचता है ।हमें आने वाली पीढीओ को भी अच्छे संस्कार देना चाहिए,जिससे उनके मन में भी भक्ति का मार्ग प्रशस्त हो ।आगे उन्होने कहा संसार में मान सबसे बङा अवगुण है ।भगवान कृष्ण ने कालिया का मान मर्दन किया यमुना जल को पवित्र किया था ।भगवान ब्रम्हा,इन्द्र का भी मान मर्दन किया ।इसका तात्पर्य है भगवान को मान पसन्द नही है ।इसलिए मनुष्य को अपने जीवन में कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए ।कथा में मुख्य यजमान ओमप्रकाश शुक्ल, सुनंदा देवी पंडित कमलशंकर पति त्रिपाठी ज्ञानेश्वर शुक्ल,राजेश्वर श्री प्रकाश शुक्ला, शुक्ल, सतीश शुक्ल,दीपक शुक्ल,राहुल शुक्ल,गोपाल शुक्ल, राम गोपाल,मनीष त्रिपाठी,बृजेश शुक्ल,संतोष गुप्त,रोहित शुक्ल, अजय शुक्ल, संजीव ठाकुर, विषुनू शुक्ल, राम अचल शुक्ल, अभिनंदन त्रिपाठीआदि लोग उपस्थित रहे।

## बिना नंबर के आटो की तेज रफ्तार से बढ़ रहे हादसे, यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। पीपीगंज में नियमों को ठेंगा दिखाते हुए बिना नंबर के आटो सड़क पर धड़ल्ले से दौड़ रहे है। दिन पर भर सड़क पर फरार्टा भरने के बाद भी इन पर न तो एआरटीओ विभाग और न ही पुलिस और यातायात विभाग की नजर पड़ती है। आटो की तेज रफ्तार कई वार सड़क पर दुर्घटना का सबब भी बन जाती है ।स्थानीय लोगों के द्वारा कहा जाता है कि आटो पर नंबर नहीं होने के चलते दुर्घटना के वक्त इनकी शिनाख्त नहीं हो पाती है। पीपीगंज के पुलिस चौकी के सामने से अकटहवा जाने वाली पीपीगंज से बढ़ेया जाने वाली व पीपीगंज से जसवल मार्ग पर बिना नंबर के आटो वालों की तेज रफ्तार हमने का नाम नहीं ले रही है ।एक तरफ सरकार द्वारा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने का आदेश जारी किया है। वहीं दूसरी तरफ, आरटीओ व ट्रैफिक पुलिस की मिलीभगत से चल रही हैं बिना नंबर प्लेट की अवैध आटो गाड़ी। आटो पर पीछे नंबर की जगह तरह-तरह की चीजें लिखी होती हैं। दुर्घटना होने के बाद बिना नंबर के ऑटो वाले फरार हो जाते हैं। जिससे किसी भी कार्रवाई से बच जाते हैं।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार को मारी ठोकर, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के गोराडीह निवासी एक युवक के बाइक में अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी सहजनवां लाया गया। हालत गंभीर होने पर स्वजन गोरखपुर एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे है। मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के बरौली निवासी शिवम शर्मा और गोराडीह निवासी अमरेंद्र सिंह एक बाइक पर सवार होकर सहजनवा आ रहे थे। अभी दोनो कमला सिंह बालिका विद्यालय के पास पहुंचे थे की अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में ठोकर मार दिया। जिसमे अमरेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी सहजनवा लाया गया। हालत गंभीर होने पर स्वजन उसका निजी अस्पताल में इलाज करा रहे है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दे दिया है। चालक और ट्रैक्टर ट्राली पुलिस के कब्जे में है।

## गाजेबाजे के साथ निकली विष्णु महायज्ञ की कलश यात्रा

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक अंतर्गत हरपुर बुदहट क्षेत्र के कटसहरा स्थित यज्ञ परिसर में गुरुवार से नौ दिवसीय विष्णु महायज्ञ शुरू हुआ। इस मौके पर आयोजकों की तरफ से क्षेत्र में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान हरहर महादेव के जयघोष पूरा वातावरण गूंज उठा। आयोजन समिति से जुड़े लोगों के अलावा क्षेत्र के श्रद्धालु गुरुवार की सुबह यज्ञ परिसर में एकत्र हुए। यहां से हरहर महादेव के जयघोष और भगवान शिव पार्वती, हनुमान, सीताराम व लक्ष्मण की झांकी के साथ निकली कलश यात्रा सिरुवापार चाँदपार, देवरीया, रामनगर सूरस , गनौरी होते हुए बिडहल घाट पहुंचा, जहां आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सरजू नदी से कलश में जल भरा। इसके बाद कलश यात्रा यज्ञ मंडप पहुंचा, जहां विविधान से कलश की पूजन कर यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। इसके बाद हरपुर ग्राम प्रधान मदनमुरारी गुप्ता ने फीता काटकर नौ दिवसीय विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान कटसहरा गंगा बेलदार, मुख्य यजमान राधेश्याम सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर । विकास कार्यों (सीएम डैस बोर्ड पर आधारित) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गाँधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने विकास कार्यक्रमो एवं जनकल्याणकारी योजनाओ के प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में जो कार्य कराये गए है, के सापेक्ष भुगतान नही हुआ का जल्द से जल्द भुगतान कराने एवं बजट के अनुसार कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जो आवेदन लंबित है का निस्तारण जल्द से जल्द कराए। उन्होंने कहा कि वृद्धा/दिव्यांग/निराश्रित महिला पेंशन , शादी अनुदान योजना आदि के प्राप्त आवेदनों को ससमय वेरिफिकेशन/ सत्यापन कराते हुए निस्तारण कराये एवं संबंधित विभागीय अधिकारी साप्ताहिक समीक्षा करते हुए प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने कहा कि फैमिली आईडी के बनवाने के कार्य में तेजी लाए, के लिए ग्राम पंचायत अधिकारियो को लक्ष्य आवंटित कर दे, संबंधित खंड विकास अधिकारी सतत निगरानी बनाए रखे। नहरों की सिल्ट सफाई के कार्य की रैंडम क्रॉस वेरिफिकेशन कराने के निर्देश जिला विकास अधिकारी को दिए। बचपन डेझ्रकेयर के अन्तर्गत 03 से 07 वर्ष के दिव्यांग बच्चों का बेसिक शिक्षा अधिकारी/स्वास्थ्य विभाग/जिला कार्यक्रम अधिकारी चिन्हांकन कर सूची उपलब्ध कराए ताकि क्रियान्वयन हो सके। उन्होंने कहा कि गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का अधिक से अधिक बैंक क्रेडिट लिंकेज एलडीएम से समन्वय बनाकर कराया जाय। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये कि निमार्णाधीन परियोजनाओं का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयबद्धता के साथ पूरा कराना सुनिश्चित करें एवं संबंधित विभाग निमार्णाधीन परियोजनाओं का समयझसमय पर निरीक्षण करते रहे और रिपोर्ट से भी अवगत कराए, साथ ही कार्यदाई संस्थाएं निमार्णाधीन परियोजनाओं का समय से कार्य नहीं पूर्ण हो पा रहा है, के लिए अपने निदेशालय स्तर पर पत्राचार करते हुए कार्य पूर्ण होने का समय बढ़वा ले ताकि जनपद की रैंकिंग सही रहे। सड़क निर्माण के लिए विद्युत पोल की सिफ्टिंग का कार्य होना है, के लिए सम्बंधित अधिशासी अभियंता विद्युत से समन्वय बनाकर सिफ्टिंग का कार्य कराया जाय। उन्होंने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन स्थिति के साथ अगली बैठक में अवश्य प्रतिभाग करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, डीसी मनरेगा, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, उप कृषि निदेशक सहित विकास से संबंधित अधिकारीगण एवं कार्यदायी संस्थाएँ उपस्थित रहे।

## प्रेमी की सरे आम पिटाई

### गांव के प्रधान ने युवक को बंधक बनाकर पीटा, एसएसपी ने कहा- जांच के बाद होगी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, जानी थाना क्षेत्र के गांव सालहे नगर में गांव के प्रधान ने प्रेमी को बांधकर उसकी सरेआम पिटाई कर दी। इस घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में गांव का प्रधान एक प्रेमी को बांधकर डंडे से जानवरों की तरह पीट रहा है। प्रेमी की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल रहा है। वहीं वायरल वीडियो में प्रधान, प्रेमी पर डंडे बरसाता रहा और पब्लिक तमाशबीन बनी हुई है, वहीं वीडियो संज्ञान में आने पर पुलिस जांच में जुट गई है और वीडियो की जांच कराकर कार्रवाई की बात कह रही है।

बताया जा रहा है जानी थाना क्षेत्र के गांव सालहे नगर का रहने वाला एक युवक अपनी चचेरी बहन को लेकर फरार हो गया था। युवती के परिवार वालों ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। दो दिन पहले आरोपी युवक गांव लौटा जिसके बाद गांव के लोगों ने पंचायत बैठा दी। गांव की पंचायत में प्रेमी को इस तरह की सजा दी गई, जिसके बाद गांव के प्रधान ने प्रेमी के हाथ पैर बांधकर उसे लाठी डंडों से बुरी तरह पीट दिया। पंचायत में दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर बात बिगड़ गई थी। जिसके बाद गांव के प्रधान ने युवक को इस तरह की सजा दे दी। जिसका वीडियो वायरल वायरल हो गया। वहीं आसपास खड़े लोग तमाशबीन बनकर देखते रहे लेकिन किसी ने युवक को बचाने का प्रयास नहीं किया। वीडियो वायरल होने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और वीडियो की जांच कराकर कार्रवाई की बात कह रही है। एसएसपी डॉक्टर विपिन ताडा ने कहा कि वीडियो संज्ञान में आया है।

## खेलकूद प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग अव्वल

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। जनपद के स्पोर्ट्स स्टेडियम क्रीडा स्थल अंतर्गत जनपद के सभी परिषदीय शिक्षण संस्थानों की जनपद स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता संपन्न कराई गई प्रांगण में मौजूद अमौली विकासखंड शिक्षा क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल व्यायाम शिक्षक आदित्य पाण्डेय एवं विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ प्रशांत पाण्डेय के कुशल निर्देशन में खेलकूद प्रतियोगिताओं में अमौली विकासखंड का कंपोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग शीर्ष स्तर पर रहा जनपद स्तर में गोला फेक एवं डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता कराई गई जहां विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कंपोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग के छात्र प्रांशू यादव ने प्रथम स्थान पाकर केवल विद्यालय ही नहीं अपितु समूचे विकासखंड का गौरव बढ़ाया वही 100 मीटर दौड़ में भी द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए जनपद की चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की कार्यक्रम के समापन में पहुंची बेसिक शिक्षा अधिकारी भारती त्रिपाठी एवं मुख्यालय के खंड शिक्षा अधिकारी जय सिंह द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र प्रांशू यादव के साथ-साथ सभी विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अमौली विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग के शिक्षकों की सराहना करते हुए छात्र को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी

## नकली दवाओं का जखीरा पकड़ा

### 12 लाख का सामान मिला, पुलिस ने एफआईआर कर आरोपियों को पकड़ा

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, मानवता पुरी कॉलोनी में रात औषधि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने दो मकानों पर छापेमारी कर नकली दवाइयों का बड़ा जखीरा बरामद किया। मौके से आठ लाख से अधिक गोलियां जब्त की गईं, जिनकी बाजार कीमत 12 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। गाजियाबाद के औषधि निरीक्षक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि काफी समय से सूचना मिल रही थी कि मानवता पुरी कॉलोनी में नकली दवाइयों का कारोबार चल रहा है।

इसमें मुख्य रूप से गठिया की नकली दवाइयों की बिक्री की जाती थी। मुखबिर की सूचना पर मोदीनगर पुलिस के साथ छापेमारी की गई। पहली कार्रवाई में मुकेश भाटिया के मकान से बड़ी मात्रा में नकली दवाइयां बरामद हुईं। इसके बाद उसके दूसरे मकान पर भी छापा मारा गया, जहां से और दवाइयां बरामद हुईं। औषधि विभाग ने बताया कि जब्त की गई दवाइयों को जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। अधिकारी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इन दवाइयों का निर्माण और आपूर्ति कहां से की जा रही थी। मामले में आरोपी मुकेश भाटिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया, आरोपी के खिलाफ औषधि विभाग की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। जांच के आधार पर अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी हो सकती है।

## अलग अलग घटनाओं में एक बच्चे सहित दो की मौत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में एक बच्चे सहित दो की मौत की खबर सुनते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार सिसोलर थाना क्षेत्र के छानी गांव निवासी उपेंद्र का डेढ़ वर्षीय पुत्र आर्यन बुधवार की दोपहर खेलते खलते घर में रखी पानी से भारी स्टील की टंकी में गिर गया था। बच्चे को पानी में उतराते देख मौजूद परिजनों ने पानी से निकालकर आनन फानन में उसे मौदहा कस्बे के सरकारी अस्पताल पंहुचाया था। जहां चिकित्सकों द्वारा उसे देखते ही मृत घोषित करने से परिजनों में कोहराम मच गया। इसी तरह दूसरी घटना में फरीदा बानो 50 वर्ष पत्नी मुबारक हुसैन निवासी इंगोहटा अपने घर में सीढ़ियों से उतरते समय अचानक गिरकर बेहोश हो गयी। बेहोशी हालत में महिला को परिजनों ने मौदहा कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों में कोहराम मच गया।

## डस्ट से भरी ट्राली के पहिए के नीचे आने से एक मासूम बच्ची की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरीला, हमीरपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के बरखेरा गांव में डस्ट से भरी ट्राली के पहिए के नीचे आने से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना होते ही चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुचीं पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। सरीला क्षेत्र के बरखेरा गांव निवासी मृगेंद्र राजपूत की पंद्रह माह की बेटी गौरी बृहस्पतिवार की सुबह साढ़े दस बजे अपने दरवाजे पर खेल रही थी। तभी गांव में चल रहे इंटरलॉकिंग के काम के लिए एक ट्रैक्टर ट्राली में डस्ट भरकर निकलते समय अचानक गौरी ट्रैक्टर ट्राली की तरफ आ गई। जिससे मासूम बच्ची ट्राली के पहिये की चपेट में आ गई। इस हादसे में मासूम बच्ची की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लिया है। जबकि चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## अतिरिक्त दहेज की मांग करने पर पति-ससुर के खिलाफ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के पलरा गांव की एक विवाहिता ने पति ससुर के खिलाफ दहेज में अतिरिक्त 2 लाख की मांग करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पलरा निवासी रजनी देवी ने बताया कि उसकी शादी बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम कल्ला के निवासी छोटू प्रजापति के साथ मई 22 में हुई थी। पति शराब जुंये का आदी है। शादी में चढ़ाए गये जेवरातों के साथ पिता द्वारा दिए गए जेवरातों को जुंआ शराब में बेच दिया है और शराब पीकर आए दिन मारपीट करके 2 लाख रुपये नगद और लाने की मांग करता है। गत 4 दिसंबर को शराब के नशे में धुत होकर रात 10 बजे लोहे के राड से जमकर पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटे लगीं। उसने घटना से भाइयों को अवगत कराया। सूचना पाकर भाई मनोज एवं भूरा प्रजापति मौके पर पहुंचे और उसको लेकर थाने आए। पुलिस ने पीडिता की तहरीर पर पति ससुर के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

# तिरहुत एमएलसी स्नातक चुनाव में बंशीधर बृजवासी की जीत

अमन लेखनी समाचार



बिहार जनपद के तिरहुत एमएलसी स्नातक चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी बंशीधर बृजवासी की ऐतिहासिक जीत बिहार के शिक्षकों के लिए एक नई क्रांति का आगाज है। यह केवल एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि उन लाखों शिक्षकों के संघर्ष का प्रतीक है जिन्होंने वर्षों तक अन्याय, शोषण और अपमान सहा है। नीतीश कुमार सरकार, जो शिक्षकों पर कड़ी नीतियों और दमनकारी उपायों के जरिए दबाव बनाने में विश्वास रखती थी, को बृजवासी की इस जीत ने कड़ा संदेश दिया है। इस चुनावी परिणाम ने स्पष्ट कर दिया है कि अब शिक्षकों का धैर्य टूट चुका है और वे अपनी आवाज उठाने के लिए तैयार हैं। नीतीश सरकार ने बिहार के स्कूलों का समय 9 से 5 करना, इलेक्ट्रॉनिक हाजिरी लागू करना, छुट्टियों में कटौती, और दूर-दराज के स्कूलों में शिक्षकों को अत्यधिक कठिनाई में डालना। इन नीतियों के कारण कई शिक्षकों ने अपनी जान गंवाई, कई परिवारों का जीवन बर्बाद हुआ और इस अन्याय के प्रति नफरत का माहौल बना। यह अमानवीय व्यवहार बिहार के इतिहास के काले पन्नों में दर्ज होगा, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। बंशीधर बृजवासी की जीत ने नीतीश कुमार की शासन की तरह याद किया जाएगा, को करारा झटका दिया है। केके पाठक जैसे अधिकारियों का इस्तेमाल शिक्षकों को उनका मानसिक और आर्थिक शोषण करने के लिए किया गया, लेकिन अब समय बदल चुका है। इस चुनावी परिणाम ने दिखा दिया है कि बिहार के शिक्षक केवल कक्षाओं तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि वे अब अपनी आवाज को सत्ता के गलियारों तक पहुंचाने के लिए भी तैयार हैं। इस जीत ने यह साफ कर दिया है कि अब बिहार के शिक्षक अपनी आवाज उठाने के लिए एकजुट हो चुके हैं, और वे अन्याय के खिलाफ खड़े हो रहे हैं। नीतीश कुमार सरकार के लिए यह एक कठोर चेतावनी है कि अब उन्हें अपनी नीतियों में बदलाव करना होगा। अन्यथा, उनका बृजवासी की यह जीत न केवल एक चुनावी सफलता है, बल्कि यह बिहार की राजनीति में एक नए बदलाव का संकेत है, जिसमें शिक्षक और जनता मिलकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे।

## नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के एक महिला ने नाबालिग पुत्री को भगाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बांदा जनपद के थाना कोतवाली देहात के मवई गांव का एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसम्बर को

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर अजय सिंह प्रथम ने बताया कि 14 दिसम्बर 2024 (द्वितीय शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी परिसर न्यायालय फतेहपुर में किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत का उदघाटन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर द्वारा 14 दिसम्बर 2024 को प्रातः 10:30 बजे स्थान विटनेस हाल, दीवानी न्यायालय परिसर फतेहपुर में किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में मॉनिटरिंग समिति की बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। बैठक में जिलाधिकारी ने फसल बीमा योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 के कृषकों के क्लेम एवं उसके संबंध में की गई क्षतिपूर्ति के संबंध में समीक्षा की तथा जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो क्लेम रिजेक्ट किए गए हैं उनका पुनः सत्यापन करवाया जाए तथा जो भी क्लेम रिजेक्ट किए गए हैं उनका आधार/ कारण सहित प्रमाणपत्र दिया जाय। कहा बिना किसी वैध कारण के अनावश्यक क्लेम रिजेक्ट नही होना चाहिए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। कहा कि ऐसे किसान जिन्हें अपना फसल बीमा नहीं करवाना है वह अपने संबंधित बैंक में जाकर इस संबंध में आवेदन पत्र 24 दिसंबर2024 तक अवश्य दे दें। जनपद हमीरपुर में रबी मौसम में जौ, गेहूं, चना, मटर, मसूर, लाही, सरसों, अलसी आदि फसलों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से अधिसूचित किया गया है। योजना का लाभ लेने हेतु इन फसलों की बीमित रकम का संबंधित कृषकों द्वारा डेढ़ प्रतिशत की प्रीमियम देनी होगी। कृषक अधिसूचित फसलों का बीमा जन सुविधा केंद्र तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल पर करा सकते हैं। प्राकृतिक आपदाओं जैसे ओलावृष्टि जलभराव सूखा आदि से नष्ट हुई फसलों की सूचना कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि, बैंक को निर्धारित प्रारूप पर 72 घंटे के अंदर कृषक अवश्य उपलब्ध करा दें जिससे बीमा कंपनी द्वारा नष्ट हुई फसलों का सर्वे करते हुए क्षतिपूर्ति की धनराशि प्राप्त हो सके। कृषक 72 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर 14447 पर अथवा जनपद में कंपनी के जिला कोऑर्डिनेटर अजीत शर्मा के फोन नम्बर 9794762323 पर भी फसल नष्ट होने की सूचना दे सकते हैं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी चंद्र शेखर शुक्ला, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी, एलडीएम तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल संरक्षण कार्यों के संबंध में बैठक सम्पन्न

**जल संरक्षण कार्यों में शिथिलता पर जिलाधिकारी ने समस्त बीडीओ से स्पष्टीकरण प्राप्त करने व वेतन रोकने के दिए निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जल संरक्षण के कार्यों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जल संरक्षण संबंधी कार्यो में शिथिल कार्यप्रणाली पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त खंड विकास अधिकारियों का वेतन रोकने व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खंड विकास अधिकारियों द्वारा 02 दिन के अंदर जनपद के सभी नालों का सर्वे कर वहाँ पर होने वाले जल संरक्षण संबंधी कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट/ कार्ययोजना दी जाए। इन सभी नालों का जीर्णोद्धार कर इनमें जल संरक्षण किया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में जल संरक्षण कार्यों को बढ़ावा दिया जाय। जल के परंपरागत स्त्रोतों यथा कुओं, तालाबो, पोखरों, झीलों का जीर्णोद्धार किया जाय। सभी सरकारी व अर्धसरकारी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किया जाय। खेत तालाब योजना को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाय। जल संरक्षण संबंधी अच्छा कार्य कर जनपद के सेमी क्रिटिकल ब्लॉकों सुमेरपुर व गोहांड को सेफ जोन में लाया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण एवं जल संचयन की कार्य योजना बनायें जिससे आने वाले वर्षों में भूजल स्तर में सुधार आये और साथ ही साथ ग्राम पंचायत स्तर में जल संरक्षण हेतु जन सहभागिता एवं जन जागरूकता को बढ़ावा मिले। इस मौके पर सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला, उपायुक्त मनरेगा राघवेंद्र सिंह, पीडी साधना दीक्षित, समस्त बीडीओ, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी कर गेंहू बिक्री करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 अभिनेष कुमार थानाध्यक्ष कमरौली मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 172/24 धारा 316(2) बी0एन0एस0 से संबंधित 02 अभियुक्तों. पिन्टू पुत्र रामबाबू निवासी रंजीतपुर नौनारी थाना भदोखर. दीपक पुत्र रामबाबू निवासी रंजीतपुर नौनारी थाना भदोखर रामगंज चौराहे के पास हाइवे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त पिन्टू के कब्जे से रुपये बरामद है ट्रक सं0 वढ 35 ळ 6876 के कागजात मांगने पर दिखा न सके पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त पिन्टू ने बताया कि यह ट्रक मेरा है। कुछ दिन पूर्व मैं अपने भाई दीपक उपरोक्त व मां वैष्णों ट्रांसपोर्टर शिवनाथ तिवारी पुत्र नवल किशोर तिवारी निवासी तिवारीपुर सेमरौता थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी के साथ मिलकर अपने ट्रक की आर0सी0 व नंबर प्लेट कूटरचित ढंग से बदलकर तथा एक ड्राइविंग लाइसेंस (व्हाट्सएप पर धोखाधड़ी से प्राप्त) में नाम बदलकर जाफरगंज मंडी से श्री राधेश्याम ट्रेडिंग कम्पनी मालिक विजय कुमार गुप्ता का 425 बोरी गेंहू अपने ट्रक में लादकर गया था, जिसे आसनसोल, असम राज्य में ले जाना था। जिसे लादकर हमलोग आसनसोल, असम राज्य न ले जाकर अपने घर लेकर चले गये एवं कुछ-कुछ क्विंटल करके हमलोगों नें गेंहू को बाजार में बेच दिया, जिससे कुल 6,60,000/- रुपये प्राप्त हुये। मैने ट्रक की बॉडी को दूसरे रंग व डिजाइन में पेन्ट करवा दिया ताकि ट्रक पहचान में न आ सके। ट्रान्सपोर्टर शिवनाथ तिवारी ने बिक्री से के रुपये बरामद हुये। बरामदगी व गिरफ्तारी के उपरान्त अभियोग उपरोक्त में बी0एन0एस0 की बढोत्तरी कर थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है

## बलहा विधानसभा में सात स्थानों पर महापुरुषों के नाम बनेंगे स्मृति द्वार

**भज्जापुरवा संपर्क मार्ग पर बनेगा स्वामी विवेकानंद स्मृति द्वारा**

**बलहा विधायक के प्रयास से क्षेत्र में पूर्व में भी 12 स्मृति द्वारों का हो चुका है निर्माण**

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। बलहा विधानसभा के सात स्थानों पर सात अलग-अलग महापुरुषों के नाम से स्मृति द्वार का निर्माण कार्य होगा। बलहा विधायक सरोज सोनकर के प्रयास से इससे पूर्व में भी कई स्थानों पर महापुरुषों के नाम से स्मृति द्वारों का निर्माण हो चुका है। इस बार होने वाले महापुरुषों के नाम से स्मृति द्वारों के स्थान इस प्रकार है। गायघाट के पास बाबू कल्याण सिंह लोधी स्मृति द्वार। रामपुर धोबिया रोड पर दखिनहन पुरवा गांव के निकट भज्जापुरवा संपर्क मार्ग पर स्वामी विवेकानंद स्मृति द्वारा। बिछिया बाजार में भगवान बिरसा मुंडा स्मृति द्वार। बोझिया बाजार में मेला मैदान बोझिया द्वार। झाला संपर्क मार्ग पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर स्मृति द्वार। आदर्श नगर पंचायत मिहींपुरवा में सर्वोदय इंटर कॉलेज के पास पूज्य संत श्री गणिनाथ जी स्मृति द्वार। परवानी गौढ़ी में संत श्री बाबा जगदीश दास स्मृति द्वार का निर्माण कराया जाएगा। इससे पूर्व बलहा विधानसभा क्षेत्र में भीमराव अंबेडकर, परशुराम जी, चंद्रगुप्त मौर्य, सरदार वल्लभ भाई पटेल, बुढ़वा बाबा, गुरु गोविंद सिंह, अवंती बाई लोधी, महाराजा अग्रसेन, महाराणा प्रताप, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम, एकलव्य सहित 12 स्मृति द्वारों का निर्माण हो चुका है। बलहा विधायक सरोज सोनकर के प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने बताया कि विधायक निधि से बलहा विधानसभा क्षेत्र के सात स्थानों पर अलग-अलग महापुरुषों के नाम से स्मृति द्वारों का निर्माण कराया जाएगा। जिससे बलहा विधानसभा की एक अलग पहचान बनेगी। विधानसभा क्षेत्र के मार्ग महापुरुषों के नाम से जाने जाएंगे। ज्ञात हो कि महापुरुषों के नाम से स्मृति द्वारा का निर्माण कार्य जनपद में बलहा विधानसभा से ही शुरूआत हुआ था इसके बाद जनपद के कई क्षेत्रों में भी निर्माण हुआ है। विधायक निधि से होने वाले स्मृति द्वारों के निर्माण से विधानसभा में टोटल स्मृति द्वारों की संख्या 19 हो जाएगी।

## रागौल रेलवे स्टेशन की समस्याओं के लिये डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। कस्बे के रागौल रेलवे स्टेशन की स्थिति सुधारने के लिए आज युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विवेकचंद सहित अन्य कस्बा वासियों ने मंडल रेल प्रबंधक दीपक सिन्हा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि बांदा कानपुर रेल लाइन का सबसे आमदनी वाला रागौल स्टेशन आज भी अधिकारियों की अनदेखी का शिकार है। स्टेशन परिसर का इंटरलॉकिंग धंस चुका है। जगह-जगह गड्ढे हैं। मंदिर परिसर में व उसके आसपास अंधेरा छाया रहता है। प्लेटफार्म नंबर दो जाने के लिए न तो एस्केलेटर है और न बूढ़े बुजुर्गों के लिए कोई अन्य साधन। यहां तक कि पीने के पानी की व्यवस्था भी नहीं है। बिजली भी आधी अधूरी है। बिजली गुल होते ही ट्रेन के टाइम पर अंधकार छा जाता है। टीन शैड भी थोड़े स्थान पर नाम मात्र को है। कस्बावासियों ने इन अनेक समस्याओं को लेकर मंडल रेल प्रबंधक से कार्यवाही कर समस्या निस्तारण की मांग की है।

# 69 वर्षीय गुजराती शेर की दहाड़ 15 दिसंबर को

## डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया पहुंचेंगे औंग कस्बे

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। समूचे विश्व समेत भारतवर्ष में सनातन धर्म हिंदू राष्ट्र का पताका फहरा रहे विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया का आगमन जनपद के औंग कस्बे अंतर्गत 15 दिसंबर को होगा विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री अन्नू पाल ने कल डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया का जन्म दिवस मनाते हुए जानकारी दी कि प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में प्रस्थान करने से पहले गुजरात प्रांत के हिंदू महानायक ओजस्वी वक्ता डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया का आगमन जनपद के औंग कस्बे में होगा जहां 15 दिसंबर को प्रातः काल बेला में मंच के माध्यम से समूचे राष्ट्र को जनसभा के माध्यम से संबोधित किया जाएगा वहीं जनपद पहुंचने पर डॉक्टर प्रवीण तोगड़िया के स्वागत के लिए अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ओजस्वनी परिषद राष्ट्रीय महिला परिषद एवं राष्ट्रीय छात्र परिषद समेत हजारों की संख्या में समर्थक तैयारी करते दिखाई दिए वहीं जिला महामंत्री अन्नू पाल ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के पश्चात डॉ प्रवीण तोगड़िया प्रयागराज महाकुंभ पहुंचेंगे

## किसानों को जैविक खेती के लिए किया गया प्रोत्साहित

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में मलवा ब्लॉक के बडाखेडा गाँव में कृषि विभाग द्वारा किसान मेले का आयोजन किया गया। कृषि विभाग द्वारा आयोजित जैविक कृषि मेला में जैविक खेती करने पर विशेष बल दिया गया। कृषि वैज्ञानिक डाक्टर शिव मंगल सिंह ने किसानों को सम्बोधित करते हुए बताया कि कृषि उत्पादन बढाने के लिए जैविक खेती को अपनाने की जरूरत है। रसायनिक खेती से जमीन की उर्वराशक्ति बडी तेजी से प्रभावित हो रही है। वीरेंद्र यादव ने बताया कि सभी किसानों को अधिक उत्पादन के लिए जैविक खेती पर अधारित पद्धति को अपनाना होगा। जिससे अधिक उत्पादन के साथ स्वास्थ्य वर्धक खाद्यान्न मिल सकेगा। इस मौके पर पवन पाण्डेय, रमाकांत त्रिपाठी, आलोक गौड़, जितेन्द्र, प्रेम दास, धीरज व वीरेंद्र यादव ने भी अपने विचार रखे और जैविक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया।

# श्री 1008 नेमिनाथ भगवान का मनाया गया जन्म कल्याणक महा महोत्सव

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव



गुरसरांय, झांसी। धर्मनगरी गुरसरांय में पारस कुंदकुंद कहान दिगंबर जैन स्वाध्याय मंगल ट्रस्ट के द्वारा श्री 1008 नेमिनाथ दिगंबर जिनबिम्ब पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन चल रहा है। कार्यक्रम के तृतीय दिवस गुरुवार को श्री 1008 नेमिनाथ भगवान जन्म कल्याणक बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तत्पश्चात सौ धार्मेइन्द्र ढोल नगाड़ो एवं गाजे- बाजो के साथ भगवान को सुमेरु पर्वत पर पांणुक शिला पर विराजमान करके 1008 कलशो से भगवान का अभिषेक किया गया। सौ धार्मे इन्द्र शौरीपुर से सुमेरु पर्वत तक की शोभायात्रा में नगर के सभी समुदायों के लोग भक्ति भाव के नृत्य कर रही थे बालिका मंडल भी बड़ी भक्ति भाव के साथ मंगल गीतों की धो पर झूम रही थी महिलाएं अपने हाथों में मंगल कलश लेकर बधाई गीत गा रही थी कुबेर महाराज ऊपर से रतन की वर्षा कर रहे थे ऐसा लग रहा था स्वर्ग से सभी इंद्र महाराज साक्षत्य शौरीपुर की धरती पर पधारे हो। नगर गुरसरांय में वास्तविक में भगवान का स्वरूप देखने को मिला है धन्य है ऐसी धर्म नगरी जहां भगवान के जन्म कल्याणक के शुभ अवसर पर नगर में हजारों की संख्या में जैन श्रद्धालु नजर आ रहे थे। भगवान के जन्म कल्याण के अवसर पर आयोजन के मुख्य आयोजक सनत कुमार जैन चौधरी ने सपरिवार सभी को भगवान के जन्म की बधाई दी। सभी जैन समाज के लोगों के चेहरे खुशी से खिले हुए थे सभी श्रद्धालु धर्म लाभ ले रहे थे। भगवान के जन्म कल्याणक के अवसर पर नगर में जगह जगह मिठाइयां बांटी गई।

# ट्रक ने सफारी कार में मारी टक्कर, पांच लोग हुए घायल

अमन लेखनी समाचार

बकेवर, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्टेट हाईवे पर गाँव पतारी मोड़ के समीप गुरुवार की दोपहर एक ट्रक व सफारी कार की टक्कर हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात ट्रक ने टक्कर मारी और जहानाबाद की ओर चला गया। वही राहगीरों ने समीप के अस्पताल सकूराबाद में घायलों को इलाज के लिए भेजा। घटना की जानकारी होने पर घायलों के परिजन आए और उनको इलाज के लिए निजी अस्पताल इलाज के लिए ले गए। वही घायलों में नन्नू शेख, नगीना बेगम, जुनैद अहमद, सबीना और इरफान निवासी सनिगवां फतेहपुर रहे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक बकेवर की ओर से आ रहा था तो वही सफारी कार जहानाबाद की ओर से आ रही थी। परिजनों ने बताया कि यह सभी इलाज के लिए अमरोहा गए थे और वही से लौट रहे थे। घटना की सूचना पर बकेवर पुलिस बल भी मौके पर पहुँचा। थानाध्यक्ष बकेवर संगीता सिंह ने बताया कि टक्कर मारने वाले ट्रक की पहचान कर ली गई, आगे कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 105 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए।

# तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर

## दो घायल, एक की हालत गंभीर, रेफर, वाहन लेकर भागा चालक

अमन लेखनी समाचार



अमेठी सुबह तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। बोलेरो वाहन चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस द्वारा गंभीर हालत में दोनों युवकों को संग्रामपुर सीएचसी भर्ती कराया गया, जहां से दोनों युवकों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां एक कि हालत नाजुक बनी हुई है पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के टीकरमाफी चौकी अंतर्गत मौहरिया भावलपुर गांव के पास है। यहां आज सुबह अंतू थाना क्षेत्र के लोहियानगर से रिश्तेदारी से वापस अपने घर जा रहे बाइक सवार युवक सब्बीर अली (29) पुत्र अनवर अली निवासी दुदवा थाना गोसाईगंज और शहंशाह पुत्र मोहम्मद अमीन निवासी बौधिकपुर थाना पीपरपुर को तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दी।

### बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए और बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। बोलेरो चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं मौके पर मौजूद स्थानीय निवासी चंचल तिवारी द्वारा घटना की जानकारी 112 पीआरबी पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी गई।

### पुलिस वाहन चालक की कर रही तलाश

एंबुलेंस को पहुंचने में देरी होता देख मौके पर पहुंची पीआरबी 112 पुलिस द्वारा दोनों घायल युवकों को संग्रामपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां पर प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। यहां घायल युवक सब्बीर अली की हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, स्थानीय पुलिस अज्ञात बोलेरो वाहन की तलाश में जुट गई है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982


E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

अव्यवस्थित जीवनशैली और अनियंत्रित खान-पान की वजह से इन दिनों अनेक लोग डायबिटीज से ग्रस्त हो रहे हैं। इससे बचाव और ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए आप नियमित योगाभ्यास कर सकते हैं। इस बारे में विस्तार से जानिए।

# ब्लड शुगर रहेगा कंट्रोल रोजाना करें ये योगासन

**योगोपचार**

आचार्य कौशल किशोर
योग विशेषज्ञ



मधुमेह या डायबिटीज की बीमारी अब केवल वृद्धावस्था के ही नहीं हर उम्र के लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। इसमें शरीर के ब्लड में शुगर का लेवल निश्चित मात्रा से अधिक हो जाता है। इस बीमारी को नियंत्रित करने के लिए अपने खान-पान और सही जीवनशैली पर तो ध्यान देना जरूरी है ही। इसके अलावा अपने दैनिक जीवन में योगासन को अपनाकर भी इस बीमारी को नियंत्रित कर सकते हैं। योगासन ना केवल ब्लड शुगर को कंट्रोल करता है, इससे हमारे शरीर के साथ-साथ मन को भी बहुत लाभ होते हैं। यहां हम आपको ऐसे ही लाभकारी योगासनों के बारे में बता रहे हैं।

## मंडूक आसन

इसे फ्रॉग पोज भी कहते हैं। इसे करने के लिए सबसे पहले योगा मैट बिछाकर उस पर घुटने



के बल बैठ जाएं। इसमें नितंब दोनों पैर की एड़ियों के बीच होना चाहिए। अब अपने दोनों हाथों की मुट्ठियों को अच्छी तरह से बंद कर उन्हें नाभि पर रख लें। इसके बाद सांस बाहर निकालते हुए धड़ को आगे की ओर झुकाएं। आसानी से आप जितना आगे झुका सकते हैं, उतना झुक जाएं। झुकने के बाद अपने सिर को ऊपर की ओर रखें। इस स्थिति में अपनी सांस को सामान्य रखते हुए आरामदायक समय तक रुकें। वापस पूर्व स्थिति में आते समय सांस को अंदर लेते हुए वापस आ जाएं। इसे करने से पैनक्रिएज ग्लैंड की कार्यक्षमता सुधरती है। इससे इंसुलिन पर्याप्त मात्रा में स्रावित होता है इससे ब्लड में शुगर की मात्रा कंट्रोल रहती है।

## कपालभाति प्राणायाम

कपालभाति प्राणायाम को करने के लिए योगा मैट पर सुखासन या सामान्य पालथी मारकर बैठ जाएं। इस दौरान रीढ़, गले और अपने सिर को सीधा रखें। आंखों को आराम से बंद कर पूरी तरह रिलैक्स हो जाएं। किसी भी प्रकार का तनाव ना रखें। हाथों को अपने घुटनों पर रख लें। अब अपनी दाईं नाक को दाएं अंगूठे से बंदकर बाईं नाक से सामान्य गति से सांस अंदर खींचें और उसी नाक से हल्के झटके के साथ सांस को बाहर निकाल दें। फिर इसी तरह दूसरे नाक से भी दोहराएं। इस तरह यह प्रक्रिया दोनों नाकों से कम से कम 25 बार कर लें। यह कपालभाति प्राणायाम का एक चक्र होगा। शुरू में एक से दो सप्ताह तक इसके एक चक्र का अभ्यास करें। धीरे-धीरे अभ्यास में चक्रों की संख्या अपनी सुविधानुसार बढ़ाते जाएं।

## ध्यान

डायबिटीज की समस्या अधिकतर उन लोगों को होती है, जो अत्यधिक तनाव लेते हैं। इस तनाव को दूर करने के लिए ध्यान सबसे कारगर उपाय है। ध्यान को करने के लिए आप किसी भी सहज आसन में सीधे होकर बैठ जाएं। अपने हाथों को घुटनों पर रख लें। आंखों को आराम से बंद कर, चेहरे की मसल्स को खूब ढीला और सहज छोड़ दें। अब अपने मन को सांस के आने-जाने पर एकाग्र करें। अगर मन इधर-उधर भागता है



तो वापस सांस पर लाने का प्रयास करें। इससे आपका तनाव, भय, बेचैनी और व्यग्रता कम हो जाएगी। इससे पैनक्रिएज ग्लैंड की कार्यक्षमता में सुधार होगा।

**रखें ध्यान:** जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारी या किसी अन्य गंभीर रोग की शिकायत है, वे किसी अनुभवी योगाचार्य की देख-रेख में ही किसी आसन का अभ्यास करें। *

प्रस्तुतिः संध्या रानी

---

यह हम सभी जानते हैं कि किडनी हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। लेकिन इसे हेल्दी रखने के लिए जरूरी सावधानियां नहीं अपनाते, लापरवाही बरतते हैं। इससे किडनी प्रॉब्लम्स के साथ ही कई अन्य समस्याएं पैदा होने लगती हैं। ऐसे में किडनी डिजीजेज से बचाव के लिए हमें अपनी लाइफस्टाइल, डाइट के साथ कई अन्य बातों का ध्यान रखना चाहिए।

# बढ़ रही हैं किडनी प्रॉब्लम्स बरतें प्रिकॉशन-करें बचाव

**अवेयरनेस**

डॉ. माजिद अलीम

किडनी या गुर्दा शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। यह खून से विषाक्त पदार्थों को निकालने, शरीर के गैरजरूरी तरल को छानने, रक्तचाप को नियंत्रित करने और इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखने का काम करता है।

## क्या कहते हैं आंकड़े

'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' (जीबीडी), जो कि वैश्विक स्तर पर बीमारियों, चोटों और जोखिम कारकों से होने वाली मौतों और विकलांगता का आकलन करने वाला एक रिसर्च कार्यक्रम है, जो कि दुनियाभर के 160 से ज्यादा देशों के 12,000 से ज्यादा शोधकर्ताओं के सहयोग से पूरा किया जाता है। इसके 2015 में किए गए एक अध्ययन के मुताबिक वैश्विक स्तर पर मौतों के कारणों में क्रॉनिक किडनी रोग को 17वां स्थान हासिल है। हर साल दुनिया की प्रति 1,00,000 जनसंख्या पर 19.2 मौतें किडनी फेलियर के चलते होती हैं। कई देशों में क्रॉनिक किडनी रोग, मृत्यु के शीर्ष पांच कारणों में से एक है, जबकि भारत में जीबीडी 2015 के मुताबिक हर आठवीं मौत का कारण किडनी फेलियर था। लेकिन लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में, भारत में गुर्दे की विफलता के कारण होने वाली मौतों की संख्या पर जो डेटा प्रस्तुत किया गया, उसमें साफ पता चलता है कि 2010 से 2013 के बीच 15 से 69 वर्ष समूह में होने वाली सभी मौतों में से करीब 3.04 प्रतिशत का कारण किडनी का फेलियर था, जो 2001-03 के मुकाबले 50 प्रतिशत ज्यादा था। भारत में किडनी फेलियर से होने वाली मौतों का सबसे बड़ा कारण मधुमेह है, साथ ही यह भी पाया गया कि किडनी की विफलता से होने वाली मृत्युदर में देश के अलग-अलग हिस्सों में काफी अंतर था। मसलन ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज के निष्कर्षों में आंध्र प्रदेश, मध्य ओडिशा, पुडुचेरी और महाराष्ट्र को गुर्दे की बीमारी के लिए 'हॉट स्पॉट' माना गया है, लेकिन किसी दूसरे स्वतंत्र अध्ययन से इसकी पुष्टि नहीं हुई।

## किडनी प्रॉब्लम के इफेक्ट्स

आल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत की कुल आबादी में से करीब 10 फीसदी लोग किडनी की विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिसमें से 7 प्रतिशत लोगों की किडनी खराब होने की वजह पेन किलर का सेवन है। चूंकि किडनी शरीर के कई महत्वपूर्ण कार्यों में योगदान देती है, जिनमें हड्डियों का स्वास्थ्य, रक्त निर्माण और हार्मोन संतुलन भी शामिल हैं। ऐसे में अगर किडनी ठीक से काम नहीं करती, तो शरीर में विषाक्त पदार्थ इकट्ठे होने लगते हैं, जिससे जल्द ही कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं, जैसे किडनी फेल्योर, हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट संबंधी समस्याएं।

## किडनी प्रॉब्लम्स की वजहें

हमारी किडनी के स्वास्थ्य का सीधा रिश्ता हमारी लाइफस्टाइल से है। खराब खान-पान, धूम्रपान, अत्यधिक शराब पीना, एक्सरसाइज ना करना और अत्यधिक दवाइयों का सेवन जैसी हमारी



आदतें, किडनी प्रॉब्लम्स और फेलियर के लिए आमतौर पर जिम्मेदार होती हैं। हाई ब्लड शुगर या ब्लड प्रेशर जैसी स्थितियां भी किडनी को प्रभावित करती हैं। वास्तव में भारत में बढ़ते डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मामलों ने किडनी फेलियर के खतरे को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है।

## अवेयर होना है जरूरी

अनेक वजहों के चलते, भारत में किडनी रोग एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या बनता जा रहा है। हर साल लगभग दो लाख से ज्यादा लोग किडनी फेल्योर का शिकार होते हैं, जबकि देश में डायलिसिस और ट्रांसप्लांटेशन की सुविधाएं सीमित हैं। कई दूसरी खतरनाक बीमारियों की तरह किडनी संबंधित बीमारियां भी आमतौर पर तब तक पहचान में नहीं आतीं, जब तक कि उनकी स्थिति गंभीर ना हो जाए, जिससे उनकी समय पर रोकथाम और इलाज कठिन हो जाता है।

## बचाव के उपाय

किडनी रोगों से बचाव के लिए ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को हमेशा नियंत्रित रखें, क्योंकि हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज, किडनी फेलियर के प्रमुख कारण हैं। इसलिए जरूरी है कि नियमित रूप से ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच कराएं और डॉक्टर द्वारा सुझाए गए आहार और दवाओं का पालन करें।


धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन किडनी को नुकसान पहुंचाता है। ज्यादा शराब पीने और धूम्रपान करने से किडनी में रक्त संचार प्रभावित होता है, नतीजतन शरीर के विषाक्त पदार्थ ठीक से निकल नहीं पाते। किडनी सही रखनी है तो वजन को नियंत्रित रखें। क्योंकि मोटापा भी किडनी रोगों का एक बड़ा कारण है। नियमित रूप से व्यायाम करना और सक्रिय रहना



जरूरी है। वजन नियंत्रण से रक्तचाप और शुगर लेवल भी नियंत्रित रहता है, इससे किडनी पर दबाव कम पड़ता है।

बिना डॉक्टर के परामर्श के कभी भी दवाइयों का सेवन ना करें। पेन किलर तो अपने मन से कभी ना लें। दर्द निवारक दवाओं का अत्यधिक सेवन तथा बिना डॉक्टर की सलाह एंटीबायोटिक्स का सेवन किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। *

### कैसे रखें किडनी को हेल्दी



किडनी को स्वस्थ रखने का आसान तरीका है कि हम अपने खान-पान को संतुलित रखें। इसके लिए हमारे दैनिक आहार में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा की संतुलित मात्रा होनी चाहिए। अत्यधिक तला-भुना, प्रोसेस्ड फूड और ज्यादा नमक के सेवन से बचना चाहिए, क्योंकि ये सब किडनी पर दबाव डालते हैं। फलों, सब्जियों और साबुत अनाजों को हमें अपने दैनिक आहार में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना चाहिए। शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के लिए पर्याप्त मात्रा में साफ पानी पीना आवश्यक है। हालांकि जरूरत से ज्यादा पानी पीने के भी नुकसान हैं, इसलिए अपनी शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार ही पानी पीएं। नियमित किडनी चेकअप भी जरूरी है। विशेषकर अगर परिवार में किडनी रोग का इतिहास है, तब तो नियमित ही जांच करवाएं। इससे शुरुआती स्तर पर समस्या का पता चल सकता है और समय पर इलाज संभव हो सकता है। अगर इन सावधानियों को अपनाएं तो हम अपनी किडनी को स्वस्थ रख सकते हैं और इससे जुड़ी बीमारियों के जोखिम को कम कर सकते हैं।

---

**हेल्थ स्टडी**

# मोटापे-डायबिटीज से बढ़ सकता है दोबारा लिवर कैंसर होने का रिस्क

आज के दौर में कैंसर के बढ़ते मामले लोगों के लिए चिंता के विषय बने हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार लिवर कैंसर, दुनिया भर में होने वाला छठा सबसे कॉमन कैंसर है। चिंताजनक बात यह है कि एक स्टडी में यह फैक्ट सामने आया है कि शुगर और मोटापा, लिवर कैंसर को दोबारा उभार सकता है। यानी जो पेशेंट लिवर कैंसर से एक बार उबर चुका है, उसे डायबिटीज और मोटापे की वजह से दोबारा यह कैंसर हो सकता है। जापान स्थित ओसाका मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी द्वारा हिपेटोसेल्यूलर कार्सिनोमा यानी एचसीसी पर शोध किया गया। यह हिपेटाइटिस संक्रमण से जुड़ा एक प्रकार का लिवर कैंसर है और वैश्विक स्तर पर कैंसर से संबंधित मौत का तीसरा प्रमुख कारण है। मोटापा और डायबिटीज, मेटाबॉलिक सिंड्रोम से जुड़े रोग हैं, जो लिवर डिजीज को बढ़ावा देते हैं, जिससे लिवर सिरोसिस और हिपेटोसेल्यूलर कार्सिनोमा हो सकता है। यूनिवर्सिटी के ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मेडिसिन के डॉक्टर हिरोजी शिंकावा की रिसर्च टीम ने इस बारे में बताया कि हिपेटोसेल्यूलर कार्सिनोमा में मोटापे और शुगर के साथ देरी से ही सही लेकिन इसके रिपीट होने का रिस्क अधिक होता है। इससे बचने के लिए मोटापे और शुगर को नियंत्रित करना जरूरी है।



कैंसर से जुड़ी पत्रिका लिवर कैंसर में प्रकाशित स्टडी में टीम ने हिपेटोसेल्यूलर कार्सिनोमा के उन 1,644 रोगियों का एनालिसिस किया, जिनकी लिवर सर्जरी हुई थी। शोध के आधार पर जानने की कोशिश की गई कि शुगर, मोटापे और कैंसर के पोस्ट ऑपरेटिव परिणामों के बीच क्या संबंध है? परिणामों से पता चला कि ऑपरेशन के दो साल बाद मोटापे की पुनरावृत्ति का खतरा लगभग डेढ़ गुना बढ़ गया था और शुगर के मामले में यह जोखिम 1.3 गुना अधिक था।

स्टडी में यह भी पता चला कि मोटापे से जूझ रहे मरीजों का ऑपरेशन के पांच साल बाद दोबारा कैंसर होने का जोखिम 3.8 गुना अधिक था, जबकि शुगर के साथ कैंसर होने का यह रिस्क दोगुना अधिक था। रिसर्चर डॉक्टर शिंकावा ने कहा कि यह रिसर्च कैंसर के रिपीटेशन का शीघ्र पता लगाने और उचित उपचार की ओर बढ़ने में मदद कर सकता है। डॉक्टर शिंकावा कहते हैं कि मोटापे से ही टाइप-2 डायबिटीज की बीमारी होती है। यह दोनों स्थितियां अकसर आपस में जुड़ी रहती हैं। ऐसे में लिवर कैंसर के रिपीटिशन को रोकने के लिए डायबिटीज और मोटापे पर कंट्रोल जरूरी है। *

प्रस्तुतिः अजेश कुमार

---

**ट्रीटमेंट**

रेखा देशराज



# पेन मैनेजमेंट के लिए परफेक्ट फिजियोथेरेपी

हाल के वर्षों में डिजिटल लाइफ के बढ़ते चलन की वजह से मिड और यंग एज के लोगों में बॉडी और ज्वाइंट पेन की समस्या काफी बढ़ गई है। इस पेन को मैनेज करने के लिए पेन किलर या अन्य महंगे ट्रीटमेंट के बजाय फिजियोथेरेपी बहुत ईजी, चीप और इफेक्टिव मैथड है।

दर्द को हम देख नहीं सकते केवल इसे महसूस कर सकते हैं। पहले दर्द को लेकर इस तरह की सोच हुआ करती थी कि इससे छुटकारा पाना शायद संभव नहीं है। लेकिन उन्नत हुई मेडिकल सुविधाओं की वजह से आज दर्द को आसानी से मैनेज किया जा सकता है। लेकिन हाल के दशकों में लोगों ने तब एक बड़ी समस्या महसूस की, जब दर्द को दवाओं से मैनेज करने का नतीजा कई तरह के साइड इफेक्ट्स के रूप में सामने आने लगा। यही कारण है कि इन दिनों पूरी दुनिया में फिजियोथेरेपी को दर्द के सबसे कारगर उपचार के रूप में मान्यता मिल रही है।

**बढ़ रहा है लोगों का भरोसा:** आज की अत्यधिक व्यस्त जीवनशैली में दर्द हममें से अधिकांश लोगों की कॉमन समस्या बन गई है, क्योंकि काम-काज में बढ़ती मशीनी और तकनीकी सुविधाओं के कारण, दिन के ज्यादातर समय जबरदस्त तरीके से व्यस्त रहते हुए भी शारीरिक रूप से हमारी गतिविधियां सुस्त या स्थिर किस्म की होती हैं। इसलिए बिना नियमित रूप से एक्सरसाइज किए, शरीर को जरूरी सक्रियता या मोबिलिटी नहीं मिलती है। इस कारण आज की तारीख में ज्यादातर लोग शरीर के किसी ना किसी हिस्से के दर्द से अकसर पीड़ित रहते हैं। ऐसे में इस दर्द से बचने के लिए अगर वे ज्यादा से ज्यादा दवाओं पर निर्भर रहते हैं, तो इसके कई तरह के साइड इफेक्ट्स परेशान करते हैं। जबकि फिजियोथेरेपी, दर्द से मुक्ति पाने का एक ऐसा पैरामेडिकल तरीका है, जिसमें दवाओं का या तो बिल्कुल इस्तेमाल नहीं होता या बहुत मामूली ही होता है। इस कारण फिजियोथेरेपी से हम कई तरह के साइड इफेक्ट्स से बचे रहते हैं। यही कारण है कि आज पूरी दुनिया में खासकर मॉडर्न कंप्यूटर बेस्ड लाइफस्टाइल से घिरे युवा, शरीर के विभिन्न किस्म के दर्दों से राहत पाने के लिए दवाओं से ज्यादा फिजियोथेरेपी पर भरोसा करने लगे हैं।

**फिजियोथेरेपी की इंपॉर्टेंस:** अगर आपके शरीर के किसी भी हिस्से में लगातार दर्द हो रहा है, तो सवाल है फिजियोथेरेपी क्यों चुननी चाहिए? इसकी पहली वजह तो यह है कि फिजियोथेरेपिस्ट दर्द को प्रबंधित करने में बेहतरीन ढंग से प्रशिक्षित होते हैं। यही कारण है कि उन्हें मूवमेंट डिसऑर्डर के इलाज में विशेषज्ञ माना जाता है। वे हमें दर्द से छुटकारा दिलाने और इसे अच्छी तरह से मैनेज करने का सबसे वैज्ञानिक और शरीर के अनुकूल तरीका सिखाते हैं। इसमें शारीरिक व्यायाम को बेहद वैज्ञानिक तरीका प्रदान किया जाता है, जो उपचार का प्रभावी जरिया बन जाता है।

फिजियोथेरेपिस्ट आपकी चोट का, आपकी दर्द की स्थिति को गहराई से समझकर आपके व्यक्तिगत शरीर के अनुरूप रिकवरी तरीका सुझाते हैं। जबकि मेडिसिनल ट्रीटमेंट में दवा के सैद्धांतिक रूप और उसके गुणों पर ध्यान दिया जाता है। फिजियोथेरेपी में किसी अन्य की बजाय आप खुद अपने उपचारक होते हैं। फिजियोथेरेपिस्ट तो एक तरह का निर्देश देता है और आप अपने शरीर की अनुकूल सहनशक्ति के मुताबिक उसका पालन करते हैं। फिजियोथेरेपिस्ट को दरअसल, दर्द नहीं बल्कि दर्द पैदा करने वाली स्थितियों का इलाज करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। यही वजह है कि खेल की चोटें, गठिया का दर्द, पीठ का दर्द, सिर दर्द, सर्वाइकल या और कई तरह के पुराने और लंबे समय से चले आ रहे दर्दों से निवारण फिजियोथेरेपिस्ट दिला पाते हैं। वे आपको यह भी सिखाते हैं कि कैसे दर्द की स्थितियों का प्रबंधन किया जाए। इसलिए फिजियोथेरेपी के चलते दर्द से छुटकारा पाना आसान होता है। *


---

**हर्बल जोन**

रेखा

मूल रूप से समुद्र में पाए जाने वाले प्रवाल (मूंगे) के पावडर से तैयार प्रवाल पिष्टी का अत्यधिक औषधीय महत्व है। यह अनेक रोगों में कारगर है। लेकिन इसका सेवन आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह से ही करना चाहिए।

# इम्यूनिटी-एनर्जी का स्रोत खनिज औषधि प्रवाल पिष्टी



शरीर में कैल्शियम की कमी, कमजोरी, सूखी खांसी, लगातार रहने वाला सिरदर्द, गैस, जलन, पाचन तंत्र की समस्याओं, पित्त विकार, मासिक धर्म में अनियमितता, शरीर में ऊर्जा और इम्यूनिटी बढ़ाने का अचूक स्रोत खनिज औषधि प्रवाल पिष्टी को माना जाता है। हालांकि प्रवाल पिष्टी जड़ी बूटी नहीं है, यह मूंगे के चूर्ण से बनी खनिज औषधि है। लेकिन आयुर्वेद में इसका इतना ज्यादा इस्तेमाल होता है कि लोग इसे भी एक जड़ी बूटी ही समझ लेते हैं। जबकि प्रवाल पिष्टी प्रवाल या कोरल की भस्म या उसका बारीक पावडर होता है।

**क्या होता है प्रवाल:** प्रवाल पिष्टी, जैसा कि नाम से स्पष्ट है, यह प्रवाल या मूंगे से बनाई जाती है। मूंगे को शुद्ध करके गुलाबजल में पीसकर इसका महीन पावडर तैयार किया जाता है। इसमें प्राकृतिक कैल्शियम भरपूर मात्रा में होता है। वास्तव में प्रवाल प्राकृतिक कैल्शियम का ही एक स्रोत है। यह आमतौर पर समुद्रतल पर जड़ जमा लेता है।

**कई समस्याओं में उपयोगी:** प्रवाल पिष्टी में शरीर को ठंडक प्रदान करने का अद्भुत गुण होता है। यह एसिडिटी, हड्डियों की कमजोरी और हार्मोनल असंतुलन को ठीक करने में उपयोगी भूमिका निभाती है। आयुर्वेद में प्रवाल पिष्टी का सर्वाधिक इस्तेमाल हड्डियों को मजबूती देने, पाचनतंत्र संबंधी समस्याओं को खत्म करने और उच्च पित्त रोगों से छुटकारा दिलाने में किया जाता है।

**आसानी से उपलब्ध:** यह करीब-करीब सभी आयुर्वेदिक स्टोर में मिल जाती है। अगर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से आपको इसे मांगाना है तो कई शॉपिंग वेबसाइटों से खरीद सकते हैं। इसे जब भी खरीदें, विश्वसनीय दुकान से या ब्रांडेड कंपनी से ही लें। जहां तक इसकी कीमत की बात है तो 5 ग्राम प्रवाल पिष्टी 150 रुपए से 500 रुपए के बीच मिलती है। माना जाता है कि इसकी कीमत इसके ब्रांड और इसकी गुणवत्ता पर निर्भर होती है। जब इसे किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या आयुर्वेदिक औषधि की दुकान से खरीदें तो उन्हें स्पष्ट बताएं कि आपको चिकित्सीय उपयोग के लिए चाहिए, क्योंकि इसके कई उत्पाद गैर चिकित्सकीय भी होते हैं। इसे खरीदते समय इस बात का भी ध्यान रखें कि हमेशा सही और ताजा उत्पाद ही खरीदें। एक्सपाइरी डेट की प्रवाल पिष्टी, फायदे की जगह नुकसान भी कर सकती है।

**विशेषज्ञ से लें सलाह:** यूं तो प्रवाल पिष्टी का भारतीय समाज में सदियों से इस्तेमाल होता रहा है। लेकिन सुरक्षित तरीका यही है कि इसका उपयोग बिना आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह के ना करें। किसी योग्य आयुर्वेदिक चिकित्सक या विशेषज्ञ से सलाह लेकर ही इसका उपयोग करें, वही आपके लिए इसकी उपयुक्त खुराक भी तय करेंगे। क्योंकि हर व्यक्ति की शारीरिक स्थिति, उसकी समस्या और समस्या के स्तर के अनुसार प्रवाल पिष्टी की दी जाने वाली खुराक तय की जाती है।

इसे जिन चीजों के साथ लिया जाता है, उसमें आमतौर पर गुलकंद, शहद, दूध या अन्य पदार्थ होते हैं, जो आपको सलाह देने वाला विशेषज्ञ तय करता है। इसे इसलिए भी एक्सपर्ट की सलाह से उपयोग करना चाहिए, क्योंकि यदि इसकी खुराक असंतुलित हो गई, तो इसके कई नुकसान हो सकते हैं। *

---

# 32 जिलों में नहीं आया एक भी विदेशी पर्यटक

प्रदेश के 32 जिलों में एक भी विदेशी पर्यटक नहीं आया है। इनमें अलीगढ़, अमेठी, औरैया, आजमगढ़, बागपत, बलरामपुर, बाराबंकी, बहराइच, भदोही, बुलंदशहर, देवरिया, एटा, फरुखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोंडा, हापुड़, हरदोई, हाथरस, जालौन, कानपुर देहात, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, महाराजगंज, मैनपुरी, मीरजापुर, रायबरेली, शामली, सीतापुर व सुलतानपुर तथा सोनभद्र के नाम शामिल हैं। सोनभद्र में विश्व का सबसे पुराना सलखन जीवाश्म पार्क है। इसके बाद भी यहां विदेशी पर्यटकों की संख्या शून्य रही है।